देशबन्धु

वर्ष – 7 । अंक – 231 । नर्मदापुरम, बुधवार 27 नवंबर 2024 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 2.00 रुपए

धान की बोरियों और त्रिपाल के नीचे छिपाकर हो रही थी गोवंश की तस्करी — पृष्ठ 3
धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद से आखिर किसे है दिक्कत? / दिल्लीवासी चुनाव से पहले स्वच्छ हवा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग करें — पृष्ठ 4
पुलिस की मौजूदगी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर — पृष्ठ 6
देश में सबसे बड़े लैंड बैंक में से एक है मध्यप्रदेश — पृष्ठ 8

## सार समाचार

### रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाएंगे भारत-तंजानिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और तंजानिया ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग की समीक्षा के बाद नए क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) की तीसरी बैठक आज गोवा में हुई। बैठक में दोनों पक्षों ने सहयोग के विस्तृत क्षेत्रों पर चर्चा की। इनमें प्रशिक्षण साझेदारी, सर्विस-टू-सर्विस, समुद्री और रक्षा उद्योग के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना शामिल है।

### राज्य सभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव 20 दिसंबर को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने राज्य सभा की छह रिक्त सीटों के लिये उपचुनाव 20 दिसंबर को कराने की घोषणा की है और इसके लिए अधिसूचना तीन दिसंबर को जारी की जायेगी।

आयोग की ओर से मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इनमें आन्ध्र प्रदेश से तीन सीटें, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और हरियाणा से एक-एक सीट के चुनाव कराए जाने हैं। चुनाव आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, इन छह सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना आगामी तीन दिसंबर को जारी की जाएगी और उसी के साथ नामांकन भरने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। नामांकन 10 दिसंबर तक दाखिल किए जा सकेंगे।

संविधान दिवस समारोह : संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को राष्ट्रपति ने किया संबोधित, कहा-

# संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ



75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपए का एक विशेष सिक्का जारी किया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत के संविधान को अंगीकार किए जाने का यह 75वां वर्ष है। मंगलवार को संविधान को अपनाने के 75 वर्ष पूरे हुए हैं। इस अवसर पर संविधान दिवस का एक विशेष कार्यक्रम संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के सेंट्रल हॉल में आयोजित किया गया। यहां राष्ट्रपति ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर 75 रुपए का एक विशेष सिक्का जारी किया। इस दौरान एक डाक टिकट भी जारी किया गया। यह डाक टिकट संविधान की उन मूल भावनाओं का प्रतीक है जो भारत को एकजुट करती है और हमें आगे बढ़ने का मार्ग दिखाती है।

राष्ट्रपति ने मंगलवार 26 नवंबर को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे पवित्र ग्रंथ है। आज हम सब इस ऐतिहासिक अवसर के भागीदार बने हैं और साक्षी भी बने हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि 75 वर्ष पहले संविधान सदन के इसी केंद्रीय कक्ष में आज ही के दिन संविधान सभा ने नव स्वाधीन देश के लिए संविधान निर्माण का बहुत बड़ा कार्य संपन्न किया था। राष्ट्रपति ने कहा कि उस दिन संविधान सभा के माध्यम से हम भारत के लोगों ने अपने इस संविधान को अपनाया था। हमारा संविधान हमारे व्यक्तिगत और सामूहिक स्वाभिमान को सुनिश्चित करता है। संविधान सदन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। इसके साथ ही मंगलवार को ही यहां राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के संस्कृत और मैथिली संस्करण का संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में विमोचन किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को 'संविधान दिवस' के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय संसदीय मंत्री किरण रिजिजू, राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राज्यसभा के नेता सदन जेपी नड्डा, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी एवं राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश मौजूद रहे। संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में राज्यसभा एवं लोकसभा के संसद सदस्य, दिल्ली स्थित मिशनों के प्रमुख और अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित रहे। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति ने भी दोनों सदनों राज्यसभा एवं लोकसभा के सदस्यों को संबोधित किया।

सुप्रीम कोर्ट के कार्यक्रम में बोले प्रधानमंत्री

### हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा पर खरा उतरा



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** 75वें संविधान दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट के एक कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारतीयों को त्वरित न्याय मिले, इसके लिए नई न्याय संहिता लागू की गई है। दंड आधारित व्यवस्था अब न्याय आधारित व्यवस्था में बदल चुकी है। इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि जम्मू-कश्मीर में पहली बार संविधान दिवस मनाया गया। पीएम मोदी ने कहा, हमारा संविधान देश की हर अपेक्षा और जरूरत पर खरा उतरा है। संविधान की ताकत के कारण ही आज बाबा साहब का संविधान जम्मू-कश्मीर में पूरी तरह लागू हो पाया है। पहली बार जम्मू-कश्मीर में संविधान दिवस मनाया गया। आज भारत परिवर्तन के एक बड़े दौर से गुजर रहा है और भारत का संविधान हमें रास्ता दिखा रहा है। यह हमारे लिए एक मार्गदर्शक बन गया है।

संविधान दिवस पर कांग्रेस का मतपत्रों की वापसी पर जोर, कहा-

# मतपत्रों की वापसी से लोकतंत्र मजबूत होगा



जातिगत जनगणना को भी बताया जरूरी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस ने संविधान दिवस के अवसर पर देश में जातीय जनगणना और आनुपातिक आरक्षण के साथ-साथ मतदान प्रणाली में मतपत्र की वापसी को आवश्यक बताते हुए कहा है कि इससे लोगों को अधिकार मिलेंगे और लोकतंत्र मजबूत होगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को यहां तालकटोरा स्टेडियम में 'संविधान रक्षक अभियान-मेरी जान मेरा अभियान' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सबको उनका अधिकार दिलाकर बहुसंख्यकों को न्याय देने के लिए जाति जनगणना आवश्यक है और इसके लिए कांग्रेस का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक संसद में इसे पारित नहीं कराया जाता है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ चुनिंदा उद्योगपतियों को मजबूत बनाया है और उनकी संपत्ति को कई गुना बढ़ाया है। देश में सबको समान अवसर मिले, जिसकी जितनी भागीदारी है, उसको उतना हक मिले, इसके लिए जाति गणना आवश्यक है और कांग्रेस के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार यह काम शुरू कर चुकी है।

श्री खड़गे ने चुनाव प्रणाली को लेकर भी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला किया और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन-(ईवीएम) से नहीं, बल्कि मतपत्र से वोट दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मतपत्रों से मतदान की प्रक्रिया को पुनः लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में चुनाव मतपत्र के जरिए कराए जाने चाहिए और कांग्रेस इसी प्रक्रिया से पूरे देश में चुनाव कराना चाहती है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि जाति जनगणना की मांग ने श्री मोदी के डर को बढ़ा दिया है। वह जानते हैं कि जाति जनगणना होगी तो लोग अपना हक मांगेंगे और उन्हें जाना पड़ेगा। यह हक संविधान में दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिला है लेकिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### भारत की हजारों साल की सोच का परिणाम है संविधान



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस अवसर पर ओबीसी, आदिवासी और दलितों को उनका हक दिलाने का वादा करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार ने आज संसद में संविधान दिवस पर समारोह का आयोजन किया, लेकिन मैं दावा करता हूं श्री मोदी ने संविधान नहीं बढ़ा है और यदि पढ़े होते तो वह कार्य नहीं करते जो कर रहे हैं। संविधान भारत की हजारों साल की सोच का परिणाम है। बुद्ध से लेकर गांधी तक जो भी महापुरुष हुए हैं, उनकी सोच हमारे संविधान की इस पुस्तक में है। हमारी सरकार जिस भी राज्य में है, वहां संविधान के अनुसार काम कर रही है। कांग्रेस का प्रमुख एजेंडा जातीय जनगणना कराना है और कांग्रेस के शासन वाली हर सरकार इस एजेंडे पर काम कर रही है। कार्यक्रम में जैसे ही राहुल गांधी ने बोलना शुरू किया, तभी उनका माइक बंद हो गया। जिसके बाद पार्टी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। राहुल गांधी कई बार संसद में उनका माइक बंद करने का आरोप लगा चुके हैं। अब खुद उनकी ही पार्टी के कार्यक्रम में माइक बंद होने पर राहुल गांधी भी मुस्कुराते दिखाई दिए। माइक के चालू होने के बाद जब राहुल गांधी ने फिर से बोलना शुरू ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मुख्यमंत्री लंदन में फ्रेंड्स ऑफ एमपी के कार्यक्रम में हुए शामिल, भोपाल समिट के लिए निवेशकों को किया आमंत्रित, बोले-

# मध्यप्रदेश ने विकास के सभी द्वार खोले



आईटी, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन सहित हर क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है प्रदेश

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश भारत का दिल है, देश के सभी अंचलों के लोग यहां बसते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते दौर में देश तेजी से प्रगति पथ पर अग्रसर है, मध्यप्रदेश भी उद्योग और व्यापार के क्षेत्र में दिन-दूनी-रात चौगुनी प्रोग्रेस कर रहा है। हेल्थ, टूरिज्म, आईटी, एजूकेशन, गारमेंट्स सहित हर क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। अधोसंरचना का क्षेत्र हो या अन्य मूलभूत सुविधाओं का क्षेत्र प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार औद्योगिक विकास और निवेश संवर्धन के लिए प्रभावी कार्य कर रही है। सड़क, बिजली तथा औद्योगिक क्षेत्र के लिए लैंड बैंक के मामले में मध्यप्रदेश ने देश के श्रेष्ठतम राज्य के रूप में स्वयं को स्थापित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूके यात्रा के दौरान लंदन में एनआरआई समूह फ्रेंड्स ऑफ मध्य प्रदेश और प्रवासी समुदाय के साथ संवाद में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का लंदन (यूके) में रॉयल नेशनल होटल में प्रवासी समुदाय और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के सदस्यों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल सहित अनेक प्रतिष्ठित भारतीय प्रवासी शामिल रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के विजन और उनकी नेतृत्व क्षमता ने विश्व में भारत की साख को स्थापित किया है। दुनिया के देशों में प्रधानमंत्री श्री मोदी की नेतृत्व क्षमता की स्वीकार्यता ने भारत और भारतवासियों का गर्व और मान विश्व में बढ़ाया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत को प्राप्त श्री मोदी के सशक्त और समर्थ नेतृत्व से भारतवासी स्वयं को सौभाग्यशाली मानते हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### मप्र निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश निवेशकों के स्वागत के लिए तैयार है, निवेशक और उद्योग समूह निवेश करें, मध्यप्रदेश भी आगे बढ़ेगा और हम सब मिलकर देश की प्रगति में सहभागी होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की शुरुआत की गई, इस क्रम में उज्जैन, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर और सागर में कॉन्कलेव आयोजित हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निवेशकों को फरवरी-2025 में भोपाल में पहली बार होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए आमंत्रित करते ■ शेष पृष्ठ 8 पर

### भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है

कार्यक्रम को लंदन के पूर्व डिप्टी मेयर राजेश अग्रवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि भारत और मध्यप्रदेश का विकास होने से कोई नहीं रोक सकता। भारत लंदन में सबसे बड़ा निवेशक है, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। श्री अग्रवाल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उनकी यात्रा सफल और उद्देश्यपूर्ण हो इसके लिए शुभकामनाएं दीं। फ्रेंड्स ऑफ एमपी के संस्थापक सदस्य तथा एनआरआई मनीष तिवारी ने कहा कि मध्यप्रदेश में केवल वहीं के लोग नहीं बसते, बल्कि एमपी एक छोटा भारत है। उन्होंने कहा कि लंदन ■ शेष पृष्ठ 8 पर



*संविधान दिवस पर लंदन स्थित अंबेडकर हाउस पहुंचे मुख्यमंत्री*

### *भारत की एकजुटता को बनाए रखने में बाबा साहेब का योगदान महत्वपूर्ण*

***भोपाल, देशबन्धु।*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संविधान दिवस पर लंदन स्थित डॉ. बी.आर. अंबेडकर हाउस में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव यहाँ भारतीय संविधान की प्रति लेकर पहुंचे और उनके साथ प्रवास पर गए दल के सदस्यों के साथ संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विजिटर्स बुक में अपने विचार अंकित किए तथा संग्रहालय का अवलोकन भी किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने अध्ययन के लिए लंदन आने पर इस भवन में वर्ष 1921-1922 में निवास किया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत यदि आज एकजुट है, तो इसमें बड़ा योगदान श्रद्धेय बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का है, जिन्होंने समय रहते उस बीमारी को पहचाना, जिसके कारण समाज में फूट या अलगाव उत्पन्न होने की संभावना थी। विभिन्न कठिनाइयों के बावजूद, व्यक्ति अपनी क्षमता और योग्यता के बल पर कैसे आगे बढ़ सकता है, डॉ. अंबेडकर इसके सर्वश्रेष्ठ उदाहरण हैं। उन्होंने जातिगत भिन्नता और विषमता से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों को भांपकर देश की एकजुटता बनाए रखने के प्रयास किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के संदर्भ में 26 नवंबर संविधान दिवस का विशेष महत्व इस कारण भी है, क्योंकि सागर विश्वविद्यालय के संस्थापक और संविधान सभा के सदस्य डॉ. हरिसिंह गौर की आज ही जयंती भी है। डॉ. गौर ने अपनी संपूर्ण सम्पत्ति सागर विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए दान दी थी। सागर विश्वविद्यालय ने बुंदेलखंड क्षेत्र में शिक्षा की अलख जगाकर क्षेत्रवासियों की प्रगति का पथ प्रशस्त किया।*



# संविधान दिवस : शपथ, मानव श्रृंखला और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** शासकीय एमजीएम कॉलेज में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. राकेश मेहता, स्वामी विवेकानद प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ.पीके अग्रवाल, राजनीति विभाग की विभागाध्यक्ष सुशीला वरवड़े ने संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का संविधान श्रेष्ठ है, क्योंकि यह संविधान समानता, समता, न्याय, स्वतंत्रता का पक्षधर है। डॉ.मेहता ने संविधान प्रदत्त कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में बताया। सुशीला वरवड़े ने संविधान की विशेषता बताते हुए कविता पाठ किया। डॉ.अरविंद कुमार शर्मा एवं पीके अग्रवाल ने भी अपने विचार रखे। संविधान की उद्देशिका का वाचन प्राचार्य डॉ.राकेश मेहता ने किया। उनकी पंक्तियों का वाचन विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने किया। राष्ट्र की एकता और अखण्डता के लिए



प्राचार्य ने शपथ दिलायी।

संविधान दिवस के अवसर पर राजनीति शास्त्र विभाग एवं स्वामी विवेकानद प्रकोष्ठ द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता एवं संविधान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक किया मानव श्रृंखला में बड़ी संख्या में विद्यार्थियो ने भाग लिया इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं विद्यार्थियों ने हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान का नारा लगाया।

संविधान दिवस के अवसर पर भारतीय संविधान की विशोषताएं विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विषय पर अपने तथ्यपरक विचार रखे, जिसमें प्रथम स्थान पिकंराज साह, द्वितीय वैष्णवी राजपूत, तृतीय तृप्ति ओमकार ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ.व्हीके कृष्णा, डॉ.रश्मि तिवारी एवं डॉ.अंसूता कुजूर ने किया। संचालन डॉ.योगेश गौर तथा आभार डॉ.दुर्गेश कुमार लसगरिया ने व्यक्त किया। इस अवसर पर ,डॉ ओपी शर्मा, डॉ.बस्सा सत्यनारायण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## वर्धमान स्कूल में मनाया गया संविधान अंगीकार दिवस

### विद्यार्थियों और शिक्षकों ने ली शपथ

**इटारसी, देशबन्धु।** भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अंगीकार किया गया एवं 26 जनवरी 1950 को पूर्ण रूप से लागू किया गया। 26 नवंबर 2024 को संविधान अंगीकरण के 75 वर्ष पूर्ण होने पर वर्धमान पब्लिक स्कूल की प्रार्थना सभा में शाला की



उपप्रधानाचार्य श्रीमती पुष्पा रघुवंशी ने संविधान की रक्षा करने एवं उसके नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई । शपथ ग्रहण समारोह में विद्यार्थियों के साथ शाला के संचालक प्रशांत जैन, श्रीमती रचना जैन एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी संविधान के प्रति अपने कर्तव्य पालन की शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद द्वारा विद्यार्थियों को संविधान से संबंधित जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि भारत का संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है, जिसे 2 वर्ष 11 माह एवं 18 दिन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर द्वारा लिखा गया।

## नर्मदा नियरे

### सार-समाचार

## ग्राम नागपुर कलॉ में भगवान नर्मदेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा



**इटारसी, देशबन्धु।** ग्राम नागपुर कलॉ में भगवान नर्मदेश्वर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में ग्राम के निवासियों ने उत्साह से भाग लिया। ग्राम के उईके परिवार द्वारा आयोजित प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भगवती बाई, मन्नू लाल, स्मोति बाई, मंजू लाल उईके, राजकुमारी उईके, राजकुमार, ज्योति उईके, राधेश्याम, रेखा उईके, छोटे लाल, प्रिया उईके, नितुल सरपंच, विमला उईके, अजय उईके यहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## पथरोटा के बकरी फार्म क्षेत्र में निकाला कोबरा



**इटारसी, देशबन्धु।** शहर से सटे पथरोटा ग्राम के बकरी फार्म क्षेत्र में एक घर में कोबरा मिला है। सर्प मित्र आमिर कुरैशी और उनकी टीम ने कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया है। पथरोटा ग्राम के बकरी फार्म परिसर में रहने वाले भरत कुशवाहा ने सर्प मित्र आमिर कुरैशी को सूचना दी कि उनके घर के पास सांप दिखाई दिया है। इसके बाद सर्पमित्र आमिर कुरेशी एवं उनके साथियों ने पहुंचकर कोबरा सांप कर रेस्क्यू किया। इसके पश्चात वन विभाग को सूचना देकर पास के जंगलों में ले जाकर सुरक्षित रूप से उसे रिलीज कर दिया गया।

## सीपीई के कैम्पस में था जहरीला रसैल वायपर



अत्यंत जहरीली प्रजाति के सांप को सर्पमित्रों ने सीपीई कैम्पस से पकड़कर जंगल में छोड़ा। यह भारत में पायी जाने वाली अत्यंत जहरीली प्रजाति का सांप था जो सीपीई सेंट्रल एरिया में दिखाई दे रहा था। सीपीई के एक आफिसर ने सर्पमित्र हर्ष प्रजापति को फोन करके सांप होने की सूचना दी। हर्ष ने अपने मित्र अजय मेहरा, अमन प्रजापति के साथ पहुंचकर देखा। यह सांप रसैल वायपर था। लगभग 1 घंटे की कड़ी मश्कत के बाद इस सबसे जहरीली प्रजाति के सांप रसैल वाइपर को सुरक्षित रेस्क्यू कर, वन विभाग के मार्गदर्शन में तवा नगर के जंगल में छोड़ दिया है।

## सिविल अस्पताल में सुविधा बढ़ाने कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**इटारसी, देशबन्धु।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी शासकीय सिविल अस्पताल में सुविधाएं बढ़ाने मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड ने तहसीलदार को ज्ञापन दिया है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल में स्पेशलिस्ट डॉक्टर, एमडी मेडिसिन,



कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, ऑर्थोपेडिक सर्जन सहित स्पेशलिस्ट स्टाफ, वेंटीलेटर के साथ-साथ मेडिकल कॉलेज की भी मांग की। प्रदेश अध्यक्ष गजानंद तिवारी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस और नगर कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित हुए। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडे, नगर कांग्रेस अध्यक्ष मयूर जायसवाल, मोहन झलिया, राजकुमार केलु उपाध्याय, संतोष गुरयानी, नेहा चावरे, शुभम वालिया, प्रशांत श्रीवास्तव, अजय शुक्ला, अजय मिश्रा, रमेश बामने, नरेश चौहान, पंकज राठौर, पार्षद नारायण ठाकुर, नरेश चौहान, सीमा भदौरिया, अंजलि कलोसिया, अनिल रैकवार, अनिल सोनकिया, लच्छू राजवंशी, प्रवीण गांधी, कन्हैयालाल बामने, राहुल दुबे, देवी मालवीय, विजय कांवरे, राजेंद्र गोस्वामी, मुकेश गांधी, राकेश चंदेले सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## वैचारिक जागृति समारोह आज

**बैतूल, देशबन्धु।** शनिचर बाजार प्रांगण आमला में बुधवार को दोपहर 12:30 बजे वैचारिक जागृति समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में बहुजन मूलनिवासी कर्मचारी संघ दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष पी. एन. सोलंकी, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष डॉ. प्रताप देशमुख, बुद्ध विहार समन्वय समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक भाऊ सरस्वती और ओबीसी विचारक डॉ. संजय शेडे साहू नागपुर मुख्य वक्ता के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में भारतीय संविधान की अनुसूचियों और उसके अन्य पहलुओं पर विचार-विमर्श होगा।

## जीनियस प्लेनेट स्कूल में मनाया गया संविधान दिवस

**इटारसी, देशबन्धु।** जीनियस प्लानेट सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटारसी में प्रात: की प्रार्थना सभा में संविधान दिवस का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्व छात्रा खुशी सिद्दीकी, जो दिल्ली विश्वविद्यालय की बीए पोलिटिकल ऑनर्स द्वितीय वर्ष की छात्रा है, ने



संविधान के आवश्यकता और उसके मूल्यों को विद्यार्थियों के साथ साझा किया। खुशी ने विद्यालय पुस्तकालय के लिए भेंट स्वरूप भारतीय संविधान की एक किताब भी प्रदान की। कक्षा 10 वी और कक्षा 11 वी के विद्यार्थियों ने संविधान को बनाने के दौरान संविधान सभा में हुए वाद विवाद हुए, उन वाद विवादों को एकांकी के रूप में प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों ने डॉ. भीम राव अम्बेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू, केएम मुंशी एवं श्रीमती सरोजनी नायडू के संवाद एवं वाद विवाद की आलौकिक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सुंदर संवादित करने का कार्य आस्था ठाकुर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर शाला संचालक जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी के साथ स्कूल प्राचार्य विशाल शुक्ला उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थित रूपरेखा अमरीन खान ने बनाई थी।

## बिरसा मुंडा कॉलेज सुखतवा में विद्यार्थियों को जागरुक किया



**इटारसी, देशबन्धु।** भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय सुखतवा में आज प्राचार्य श्रीमती कामधेनु पटोदिया के संरक्षण एवं आयोजन प्रभारी डॉक्टर मंजू मालवीय के निर्देशन में संविधान दिवस आयोजित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय में प्रात: प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को संविधान के महत्व के संबंध में जागरूक किया गया।

संविधान के संबंध में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ मंजू मालवीय ने कहा कि संविधान भारत का सर्वोच्च कानून है। यह एक लिखित दस्तावेज है। हमारा संविधान सबसे वृहद और विस्तृत है तथा सर्वप्रथम बीएन राव ने संविधान का प्रारंभिक मसौदा तैयार किया था। प्राचार्य ने इस अवसर पर बधाई देते हुए कहा कि संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर हैं। 26 नवंबर को देश ने संविधान को अपनाया था और आज हम इसकी 75 वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। यह क्षण हमारे लिए गौरवान्वित होने का है। इस अवसर पर संविधान के महत्व पर भाषण प्रतियोगिता में मोनिका बामने, संजय काजले तथा आदित्य राज बामने ने अपने विचार रखे।

भारतीय संविधान की जागरूकता हेतु पेंटिंग एवं पोस्टर प्रतियोगिता में शालू परते, आदित्य राज, शिखा यादव ने सहभागिता की। क्रॉफ्ट मेकिंग प्रतियोगिता में संजना, शिखा यादव, उदिता उईके एवं अंबिका इरपाचे ने भाग लिया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार से डॉ हिमांशु चौरसिया, डॉ सतीश ठाकरे, डॉ सौरभ तिवारी, श्रीमती संध्या उपाध्याय, डॉ धीरज गुप्ता, डॉ वेद प्रकाश भारद्वाज सहित भारी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। संचालन डॉ राधा आशीष पांडे ने और आभार डॉ प्रवीण कुशवाह ने व्यक्त किया।

## न्यायालय में मनाई गई संविधान की 75 वी वर्षगांठ



**इटारसी, देशबन्धु।** न्यायालय स्थित मीडिएशन सेंटर में आज समस्त न्यायाधीशों एवं समस्त न्यायिक कर्मचारियों की उपस्थिति में संविधान दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारत के संविधान के संबंध में विस्तार से बताया तथा संविधान की प्रस्तावना का वाचन एजीपी राजीव शुक्ला ने किया। इस अवसर पर प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश हर्ष भदौरिया, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ललित कुमार झा, तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती सुशीला वर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सूर्यपाल सिंह राठौर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती पूजा भदौरिया, न्यायायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती प्राची कौरव के अलावा नायब नाजिर अनूप रघुवंशी एवं समस्त कर्मचारियों ने उपस्थित होकर संविधान की प्रस्तावना को दोहराते हुए संविधान के अक्षरश: पालन का संकल्प लिया।

## पर्यटन स्थलों की जानकारी के लिये 5 दिसम्बर तक वेबसाइट बनाई जाए: कलेक्टर

### जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक सम्पन्न

**हरदा, देशबन्धु।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार शाम को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने बताया कि हंडिया के नर्मदा घाट सौन्दर्यीकरण के लिये प्रस्ताव पर्यटन विभाग को भेजा गया है। उन्होने बताया कि हंडिया के नाभि कुण्ड और रिद्धनाथ मंदिर को धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग ने अपनी सूची में शामिल कर लिया है। इनके विकास के लिये भी धर्मस्व विभाग को प्रस्ताव भेज दिया गया है।

कलेक्टर ने कहा कि हरदा जिले में गोराखाल, मकड़ाई, जोगा का किला, तेली सराय, नर्मदा नदी का नाभि कुण्ड जैसे अनेक पर्यटन स्थल प्रसिद्ध है। इनके विकास के लिये कार्य योजना तैयार की जा रही है। उन्होने निर्देश दिये कि हरदा जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी के लिये एक वेबसाइट 5 दिसम्बर तक बनाई जाए ताकि देश विदेश के पर्यटकों को जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ग्रामीण आजीविका मिशन के महिला स्वसहायता समूहों के माध्यम से दीदी कैफे प्रारम्भ किये जायेंगे, जिनमें स्थानीय व्यंजन पर्यटकों को उपलब्ध रहेंगे। उन्होने कहा कि हरदा जिले के पर्यटन स्थलों की जानकारी देने के उद्देश्य से हरदा एवं आसपास के प्रमुख रेल्वे स्टेशनों पर सूचना पट लगवाए जायेंगे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि आगामी दिसम्बर माह के मध्य में तेली की सराय में पर्यटकों के लिये सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस कार्यक्रम में स्थानीय व्यंजन के स्टाल भी पर्यटकों के लिये दीदी कैफे के माध्यम से लगाये जायेंगे। उन्होने ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को तेली की सराय पहुँच मार्ग की रिपेयरिंग कराने तथा तेली की सराय में लाइटिंग व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिये। उन्होने बताया कि नर्मदा जयंती पर हंडिया उत्सव कार्यक्रम आयोजित करना भी प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में बताया कि जोगा में एडवेन्चर स्पोर्ट गतिविधियां प्रारम्भ की जायेंगी। हरदा जिले में पर्यटन गतिविधिया शुरू करने के लिये इच्छुक एजेन्सी डिप्टी कलेक्टर संजीव नागु से सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा रंगकर्मी देवेन्द्र दुआ सीवी. रमन यूनिवर्सिटी के उमेश शर्मा से भी सम्पर्क किया जा सकता है। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया, डिप्टी कलेक्टर संजीव नागू, सीवी. रमन यूनिवर्सिटी के उमेश शर्मा, रंगकर्मी देवेन्द्र दुआ भी मौजूद थे।

## विधायक डॉ. दोगने ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन



**हरदा, देशबन्धु।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा ग्राम पंचायत मांगरूल, जनपद पंचायत हरदा की मांग एवं क्षेत्रवासियों को हिंडोलनाथ बाबा दर्शन करने जाने में होने वाली परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए हंडिया-मांगरूल मेन रोड से हिंडोलनाथ बाबा की ओर सीसी. सड़क मार्ग निर्माण कार्य कराये जाने हेतु विधायक निधि से पाँच लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई थी। उक्त कार्य का भूमि पूजन मंगलवार को हरदा विधायक डॉ. दोगने ने समस्त कांग्रेसजनों व ग्रामवासियों के साथ मिलकर किया । ग्राम को मिली उक्त सौगात के लिए समस्त ग्रामवासियों ने हरदा विधायक डॉ. दोगने का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि राहुल पटेल, गौरीशंकर शर्मा, ग्राम सरपंच अनुसुइया दमाडे, रामविलास धनगर, अरुण तिवारी, बनवारी ढाका, चंद्रेश तिवारी, पूनम धनगर, जगदीश केवट, इमरान खान, सुनील केवट, रमेश, पूनम यादव सहित समस्त ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक: शाह

### मॉडल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में संविधान दिवस का आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** अधिकार और कर्तव्य एक दूसरे के पूरक हैं। जहां अधिकार हमें हमारे जीवन को सरल बनाते हैं, वहीं कर्तव्य संतुलित और संयमित आचरण के लिए हमें बाध्य करते हैं, दोनों का हमारे जीवन में हमारी दैनिक दिनचर्या में बहुत महत्व है। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि हमें अपने राष्ट्र के विकास के लिए अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी उचित समन्वय करना होगा। मॉडल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित संविधान दिवस के अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रेमदीप शाह ने अपने उद्बोधन में यह बात कही ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई । मजिस्ट्रेट श्री शाह का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य एवं सुश्री अपर्णा लोधी का स्वागत शिक्षिका श्रीमति प्रीति शर्मा एवं शिल्पा चैनानी ने किया ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिस्ट्रिक्ट लीगल एड सुश्री अपर्णा लोधी ने संविधान की प्रासंगिकता एवं संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक



अधिकारों के बारे में छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी ।इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में कनिष्ठ वर्ग निबंध में सौम्या थाडा प्रथम ,आराध्या शर्मा द्वितीय एवं मानवी गौर को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। निबंध वरिष्ठ वर्ग में महक पटेल को प्रथम, रुद्र प्रताप सोनी को द्वितीय एवं अथर्व राजवैध को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया ।

## नाबालिग का अपहरण और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट), सोहागपुर सुरेश कुमार चौबे ने आरोपी नीरज 28 वर्ष सोहागपुर, को धारा-366 भादंवि में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 5 (ठ)/6 में 20 वर्ष, 5(अ)/6 में 20 वर्ष एवं 5(झ)/6 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं कुल 10,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी, नर्मदापुरम लखन सिंह भवेदी ने बताया कि घटना 22 सितंबर 2021 को नाबालिग अभियोक्त्री के पिता ने थाना सोहागपुर में रिपोर्ट दर्ज करायी और बताया कि परिवार के सभी लोग रात को 10-11 बजे खाना खाकर सो गये थे, नाबालिग अभियोक्त्री भी अपनी मां के बाजू में सो गयी थी, वह करीब 3 बजे उठा तो देखा कि उसकी पत्नी के बाजू में नाबालिग लड़की नहीं थी, उसने पत्नी को उठाया और आस-पड़ोस व रिश्तेदारों में पूछताछ की, लेकिन वह कहीं नहीं मिली। नाबालिग अभियोक्त्री को कोई अज्ञात आरोपी बहला-फुसलाकर कहीं ले गया है।

पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज की और नाबालिग अभियोक्त्री की तलाश की गयी। नाबालिग 7 अप्रैल 22 को जिला ठाणे (महाराष्ट्र) में मिली। उसे तहसील-सोहागपुर लेकर आए और माता-पिता को सुपर्द किया। आरोपी नीरज परसाई नाबालिग को अपने साथ बहला-फुसलाकर महाराष्ट्र ले गया था और उसकी इच्छा व सम्मति के बिना बार-बार दुष्कर्म किया।

## संभाग स्तरीय फुटबॉल महिला प्रतियोगिता में छात्राओं का चयन



**हरदा, देशबन्धु।** महाविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतर्गत जिले से चयनित फुटबॉल टीम ने नर्मदापुरम में अपने खेल का प्रदर्शन किया ।जिसमें हरदा डिग्री महाविद्यालय की चार छात्राएं वेदिका मौर्य,कशिश राठौर,दिव्यांशी राजपूत व प्रकृति कैथवास शामिल हुई ।टीम के श्रेष्ठ प्रदर्शन से कई खिलाड़ियों का चयन संभाग स्तर के लिए हुआ। उनमें चार छात्राएं महाविद्यालय की रही ।उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ गिरीश सिंहल,डॉ अभिलाषा सिंहल,उपप्राचार्य गणेश श्रीवास्तव,खेल प्रभारी आनन्द तिवारी व समस्त स्टॉफ के द्वारा बधाई दी गई।

## राजस्व प्रकरणों का हो रहा है त्वरित निराकरण

**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश के सभी जिलों में राजस्व महा अभियान का तृतीय चरण 15 दिसम्बर तक आयोजित किया जा रहा है।

राजस्व महा अभियान के प्रथम व द्वितीय चरण की सफलता को देखते हुए राज्य शासन द्वारा राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-3 प्रारम्भ किया है। कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में समय सीमा में लंबित प्रकरणों का निराकरण करना, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान योजना का सभी पात्र किसानों को लाभ दिलाना, खसरे की समग्र व आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन करना शामिल है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस अभियान के तहत हरदा जिले में अब तक नामांतरण के 226 प्रकरणों का निराकरण किया गया है। इनमें खिरकिया तहसील में 60, टिमरनी तहसील में 34, रहटगांव तहसील में 23, सिराली तहसील में 44, हंडिया तहसील में 4 तथा हरदा तहसील में 60 प्रकरण शामिल हैं। इसी तरह महाभियान के तहत नक्शा बटांकन संबंधी 952 प्रकरणों का निराकरण भी किया गया। अभियान के तहत 15722 फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन किये जा चुके है।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों की निगरानी के लिये अधिकारियों को दायित्व सौंपे

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने आंगनवाड़ी केन्द्रों की गुणवत्ता में सुधार तथा मॉनिटरिंग के उद्देश्य से अधिकारियों को दायित्व सौंपे है। इन अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की मॉनिटरिंग कर 30 तारीख तक प्रतिवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास कार्यालय को भेजें।

जारी आदेश अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी डी.एस. रघुवंशी को ग्राम केली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह को ग्राम बोथी तथा जिला परियोजना समन्वयक राज्य शिक्षा केन्द्र बलवन्त पटेल को ग्राम बड़झिरी के आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार सहायक आयुक्त सहकारिता श्री वासुदेव भदोरिया को ग्राम आलमपुर, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग कमलेश सिंह को ग्राम छीपानेर, जिला योजना अधिकारी को ग्राम भीमपुरा तथा जिला खनिज अधिकारी आर.पी. कमलेश को ग्राम पोखरनी के आंगनवाड़ी केन्द्र के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार जिला श्रम अधिकारी को बालागांव के आंगनवाड़ी केन्द्र क्रमांक 1, जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे को ग्राम बम्हनगांव तथा निरीक्षण अधिकारी पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को ग्राम खमलाय के आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है। इसके अलावा ब्लॉक मेडिकल आफिसर हरदा को अबगांवखुर्द की आंगनवाड़ी क्रमांक 1, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी को अबगांव खुर्द की आंगनवाड़ी क्रमांक 2, उपयंत्री जल संसाधन विभाग हरदा को ग्राम अतरसमा, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी हरदा को ग्राम चारूवा तथा ब्लॉक मेडिकल आफिसर खिरकिया को ग्राम धनवाड़ा के आंगनवाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण का दायित्व सौंपा गया है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर आदित्य सिंह ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की सीईओ श्रीमती सविता झानिया तथा संयुक्त कलेक्टर सतीश राय सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे।

## हम होंगे कामयाब और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की बैठक आज

**हरदा, देशबन्धु।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत गठित जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक 27 नवम्बर को होगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी ने बताया कि इस बैठक के साथ बाल विवाह मुक्त भारत अभियान तथा जेण्डर आधारित हिंसा उन्मूलन के लिये हम होंगे कामयाब जागरूकता अभियान से संबंधित बैठक भी आयोजित की जाएगी। यह बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से आयोजित की गई है।

# नर्मदा नियरे

## सार-समाचार

### दहेज प्रताड़ना मामले में डॉक्टर खातरकर और परिवार को मिली राहत, अदालत ने किया बरी

**बैतूल, देशबन्धु।** आरक्षी गृह बैतूल बाजार ने डॉक्टर योगेश खातरकर और उनके परिवार के तीन अन्य सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज किया था, जिसे प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी बैतूल ने खारिज करते हुए सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया है। मामला 2018 का था, जब प्रकरण क्रमांक 145/2018 में योगेश खातरकर और उनके परिवार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 498ए और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 4 के तहत मामला दर्ज किया गया था। आरोप यह था कि योगेश की पत्नी को शादी के बाद से ही 5 लाख रुपये और एक कार के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया गया। अभियोजन ने इस मामले में पीड़िता और उसके रिश्तेदारों के बयान न्यायालय में प्रस्तुत किए, लेकिन पर्याप्त साक्ष्य की कमी के चलते न्यायालय ने आरोपों को निराधार पाया और सभी आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। इस फैसले को सेव इंडियन फैमिली (एसआईएफ) बैतूल ने न्याय की जीत बताया। संगठन ने कहा कि यह निर्णय झूठे दहेज मामलों से पीड़ित पुरुषों के लिए उम्मीद की किरण है। एसआईएफ के संचालक ने कहा कि झूठे दहेज मामलों का सामना करना पुरुषों और उनके परिवारों के लिए बेहद कठिन होता है। सच्चाई के लिए सही दिशा में किए गए प्रयास हमेशा रंग लाते हैं। उन्होंने झूठे मामलों में कानूनी सहायता के लिए संगठन की हेल्पलाइन नंबर 8882498498 का उल्लेख करते हुए पीड़ितों को न्याय की राह में मदद का भरोसा दिलाया। उल्लेखनीय है अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस के अवसर पर एसआईएफ बैतूल ने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य, झूठे मामलों से बचाव और कानूनी सहायता की आवश्यकता पर चर्चा की गई थी। कार्यक्रम में पुरुषों को झूठे आरोपों से लड़ने के लिए मानसिक सहारे और कानूनी जानकारी का महत्व भी बताया गया था।

### शराब दुकान पर अड़ीबाजी के मामले में एसपी से शिकायत

**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी की अंग्रेजी शराब दुकान पर अड़ीबाजी का गंभीर मामला सामने आया है। शराब दुकान के सेल्समैन मयंक शिवहरे ने पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत कर शाहपुर निवासी शैलेन्द्र गुप्ता पर अड़ीबाजी और धमकाने के आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, अनावेदक ने खुद को दैनिक समाचार पत्र भोपाल का संवाददाता बताते हुए लगातार पैसों और शराब की मांग की। घोड़ाडोंगरी निवासी मयंक शिवहरे ने शिकायत में बताया कि वह घोड़ाडोंगरी अंग्रेजी शराब दुकान पर सेल्समैन के पद पर कार्यरत हैं। शैलेन्द्र गुप्ता शराब दुकान में आकर अड़ीबाजी करता है। पहले भी वह दुकान से 6 हजार रुपये और शराब की बोतलें ले जा चुका है। शिवहरे ने बताया कि 23 नवंबर की रात करीब 9ः20 बजे शैलेन्द्र गुप्ता दुकान पर आया और 20 हजार रुपये की मांग की।

जब पैसे देने से इनकार किया गया, तो उसने धमकी दी, अगर पैसे और शराब नहीं दिए, तो दुकान चलने नहीं देंने की धमकी दी। शिवहरे ने बताया कि शैलेन्द्र पहले भी कई बार दुकान पर आकर पैसे और शराब मांग चुका है। कर्मचारियों ने डर के कारण उसकी मांगें पूरी की, लेकिन बार-बार की धमकियों से परेशान होकर अब उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। शिवहरे ने अपनी शिकायत में कहा मैं और सहकर्मी रोजाना डर के माहौल में काम कर रहे हैं। शैलेन्द्र की धमकियों से शराब दुकान का संचालन मुश्किल हो गया है। यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसके लिए शैलेन्द्र जिम्मेदार होगा।

### नर्स से सहकर्मी ने शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**भोपाल,देशबन्धु।** खजूरी सड़क इलाके में स्थित एक मेडिकल कॉलेज में महिला नर्स के साथ ज्यादती का मामला सामने आया है। शादी का झांसा देकर उसका सहकर्मी करीब 8 महीने से दुष्कर्म कर रहा था। बाद में उसने शादी करने से इनकार कर दिया। तब पीड़िता ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। फिलहाल आरोपी की गिरफ्तारी नहीं की जा सकी है। पुलिस के मुताबिक 34 साल की युवती एक निजी मेडिकल कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ में पदस्थ है। यहीं पंकज गेहलोत भी काम करता है। पंकज ने पहले नर्स से दोस्ती की और फिर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। 1 अप्रैल को पंकज शादी करने का झांसा देकर उसके साथ शोषण करना शुरू कर दिया। उसके बाद से वह लगातार पीड़िता के साथ ज्यादती कर रहा था। अभी कुछ दिन पहले आरोपी युवक ने शादी करने से इनकार कर दिया।

### डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करायें

**भोपाल,देशबन्धु।** राष्ट्रीय खादय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत बाह्य शिकायत निवारण तंत्र जिला शिकायत निवारण अधिकारी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज कराने के प्रावधान है। प्रावधान अनुसार आम नागरिक सीएम हेल्पलाइन 181 पर कॉल करके अथवा ऑनलाईन भी डीजीआरओ को शिकायत दर्ज करा सकते है। आम नागरिकों द्वारा सीएम हेल्पलाइन 181 पर डीजीआरओ से संबंधित 4 श्रेणी की शिकायतें दर्ज कराई जा सकती है। जिला आपूर्ति नियंत्रक ने बताया कि डीजीआरओ को प्रस्तुत पात्रता पर्ची न मिलने से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत उचित मूल्य की दुकान से राशन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत शालाओं में मध्यान भोजन न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी, डीजीआरओ को प्रस्तुत आंगनबाड़ी में खाद्यान न मिलने एवं अन्य संबंधी जिला शिकायत निवारण अधिकारी को शिकायत दर्ज कराइ।

# धान की बोरियों और त्रिपाल के नीचे छिपाकर हो रही थी गौवंश की तस्करी

## पुलिस और राष्ट्रीय हिंदू सेना ने एक आईसर ट्रक को पकड़ा



### दम घुटने से दो गोवंश की मौत, 23 को गौशाला पहुंचाया

**बैतूल, देशबन्धु।** पुलिस और राष्ट्रीय हिंदू सेना ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आईसर ट्रक को पकड़ा, जिसमें 23 गोवंश ठूंसे हुए थे। यह ट्रक महाराष्ट्र के कत्लखाने की ओर जा रहा था। तस्करों ने गोवंश को धान की बोरियों और त्रिपाल से ढंक रखा था ताकि किसी को शक न हो। इस घटना में दम घुटने से दो गोवंश की मौत हो गई, जबकि अन्य को गंभीर हालत में सुरक्षित बचाया गया। इस कार्रवाई में पुलिस अधीक्षक निश्चल एन झारिया के निर्देश पर बैतूल बाजार पुलिस ने अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रांत संगठन मंत्री बंटी सरियाम ने बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे सूचना मिली थी कि एक आईसर ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीए 4951, आठनेर रोड से होकर महाराष्ट्र की ओर जा रहा है। ट्रक में गोवंश होने की आशंका थी। सूचना मिलते ही बैतूल बाजार पुलिस को सूचित किया गया और ताप्ती घाट पर गाड़ी पकड़ने की योजना बनाई गई।

प्रदेश संयोजक पवन मालवीय ने बताया कि बैतूल बाजार पुलिस के साथ राष्ट्रीय हिंदू सेना के पदाधिकारी ताप्ती घाट पहुंचे और ट्रक को रोका। पुलिस को देखते ही तस्कर ट्रक छोड़कर फरार हो गए। ट्रक में त्रिपाल से ढंके गोवंश बुरी हालत में पाए गए। तस्करों ने ट्रक के चारों ओर थर्माकोल की सीटें लगाई थीं और ऊपर धान की बोरियां रखी थीं। गोवंश को रस्सियों से बांधकर एक के ऊपर एक ठूंसा गया था। विभाग अध्यक्ष दीपक कोसे ने बताया कि गोवंश को ऐसी हालत में रखा गया था कि वे सांस भी मुश्किल से ले पा रहे थे। सभी गोवंश को ट्रक से निकालकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। हालांकि दम घुटने से दो गोवंश की मौत हो गई।

प्रखंड अध्यक्ष मुकेश आहके ने कहा कि पकड़े गए ट्रक को त्रिवेणी गौशाला ले जाया गया, जहां घायल गोवंश का इलाज पशु चिकित्सकों द्वारा किया गया। यह ट्रक पूरी तरह से अवैध तस्करी के लिए इस्तेमाल हो रहा था। प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र तक गोवंश तस्करी बड़े पैमाने पर हो रही है। महाराष्ट्र में गौमाता को राज्य माता का दर्जा प्राप्त है, लेकिन फिर भी यहां तस्करी लगातार जारी है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर तस्करी के वाहनों को जब्त किया जाना चाहिए।

इस कार्रवाई में बैतूल बाजार पुलिस के एएसआई भरत सिंह नाथ, प्रधान आरक्षक दिवाग सिंह, प्रधान आरक्षक निर्मल पवार, सैनिक मनोज सरियाम और सैनिक सुशील लोराने शामिल थे। राष्ट्रीय हिंदू सेना से प्रांत संगठन मंत्री बंटी सरियाम, प्रदेश संयोजक पवन मालवीय, विभाग अध्यक्ष दीपक कोसें, जिला अध्यक्ष अनुज राठौर, तहसील गौरक्षा प्रमुख सोफ्निल पवार, सह प्रमुख आशीष यादव, नगर प्रचार प्रमुख योगेश दरवाई, प्रखंड उपाध्यक्ष राजा कुंभारे, प्रखंड मंत्री अरविंद मासोदकर और प्रखंड अध्यक्ष सौमेश सोनी ने सक्रिय भागीदारी की।

# चोपना पंचायत में घोटाले का आरोप, सवा 8 लाख की नीलामी राशि का हिसाब नहीं

### ग्रामीणों ने की सरपंच, सचिव और उपसरपंच पर कार्रवाई की मांग

**बैतूल, देशबन्धु।** घोड़ाडोंगरी तहसील की ग्राम पंचायत चोपना के सरपंच, सचिव और उपसरपंच पर सरकारी राशि के दुरुपयोग, अनियमितता और बिना अनुमति सरकारी भवन तोड़ने के गंभीर आरोप लगे हैं। शिकायतकर्ता अशोक रॉय निवासी चोपना ने जिला प्रशासन से जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, सरपंच, सचिव और उपसरपंच ने खेत तालाब निर्माण का कार्य पूरा किए बिना ही स्वीकृत राशि निकाल ली। लाभार्थियों नरेंद्र पिता नारायण चोपना 01, सपन पिता नकुल चोपना 01, और अशोक पिता सचिन चोपना के नाम पर स्वीकृत खेत तालाब का निर्माण कार्य अधूरा है। इसके बावजूद पूरी राशि का गबन कर लिया गया।

**बिना अनुमति तोड़ा गया सरकारी भवन**- ग्राम चोपना 2 में माता मंदिर के पास स्थित एक सरकारी भवन को सरपंच, सचिव और उपसरपंच ने बिना किसी सरकारी अनुमति के तोड़ दिया। यह भवन 15 साल पहले सर्वसुविधायुक्त रूप से बनाया गया था, पूरी तरह से उपयोगी था, लेकिन इसे निजी स्वार्थ में तोड़ा गया।

**बाजार नीलामी राशि में घोटाले के आरोप**- चोपना पंचायत के साप्ताहिक बाजार से होने वाली वसूली में भी अनियमितता के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता ने बताया कि हर साल लगभग 8.33 लाख रुपये की नीलामी होती है। बाजार की वसूली कम से कम 20 हजार रुपये होती है, लेकिन इसका हिसाब पंचायत के किसी भी सदस्य को नहीं दिया गया। यह राशि भी सरपंच, सचिव और उपसरपंच ने मनमानी तरीके से गबन कर ली है।

**सूचना मांगने पर भी नहीं मिल रहा जवाब**- ग्रामीणों का आरोप है कि जब इनसे पंचायत की वित्तीय जानकारी मांगी जाती है, तो कोई उत्तर नहीं दिया जाता। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर भी टालमटोल की जाती है। सरपंच, सचिव और उपसरपंच अपनी मनमानी से काम कर रहे हैं, जिससे गांव के लोग परेशान हैं।

# आंगनवाड़ी में हम होंगे कामयाब कार्यक्रम का आयोजन

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग केसला की आंगनवाड़ी तवानगर 80 में 'हम होंगे कामयाब' कार्यक्रम का आयोजन किया। आज के कार्यक्रम में आंगनवाड़ी सुपरवाइजर चेतना ढिवरे ने जेंडर संवेदनशीतला और जेंडर आधारित मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बताया कि बालक बालिका समान है, इनमें कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए। पुलिस विभाग से महिला आरक्षक किरण चौहान ने महिलाओं के अधिकार व



कर्तव्यों और घरेलू हिंसा पर विस्तृत जानकारी दी। आज के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि दिलीप देशमुख व श्रीमती सुनीता इवने, सूर्यकान्ता उपस्थित थी। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता नफीसा ने गुड टच बेड टच के बारे में समझाईश दी। कार्यक्रम में मंजू सराठे, रितु पथौरिया, सोनम, शकुन्तला नागवंशी, अजरा, सहायिका दीपा आठनेरे व क्षेत्र की महिलाएं उपस्थित थीं।

# नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन का सम्मेलन सम्पन्न

**आमला, देशबन्धु।** यूनियन मान्यता चुनाव के तहत नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री कामरेड वेणु पी नायर का काफिला चलकर खिरसाडोह से आमला पहुंचा। आमला में इनका नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन के कामरेड साथियों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर कामरेड वेणु पी नायर के साथ नागपुर मंडल अध्यक्ष कॉमरेड मनोज चौइथानी, मंडल सचिव कॉमरेड एस के झा, युवा संयोजक कॉमरेड रोहित काटे, वर्धा शाखा के सह सचिव कॉमरेड अभिषेक थूल के साथ पहुंचे। आमला प्रवेश करते ही यूनियन के कार्यकर्ता ने ढोल तासे, पटाखे तथा जोरदार नारों से स्वागत किया ।आमला नगर प्रवेश स्थल से रेलवे स्टेशन तक भव्य मोटर साइकिल रैली निकाली गई। ने रे म यू आमला के शाखा परिसर पहुँचने पर सैकड़ो कार्यकर्ता ने जोरदार स्वागत किया। परिसर में तीन वीडियो क्लिप दिखाई गई, जिससे कर्मचारियों को



यूनियन के द्वारा किये गए सामाजिक कार्य, यूनियन का इतिहास, कर्मचारियों के लिए किये गए कार्य तथा दूसरी यूनियन, संघ द्वारा की गई नाकामयाबी और झूठे वादों से अवगत कराया गया। महामंत्री नायर ने यूनियन क्यों तथा लाल झंडे वाली ही यूनियन क्यों? को विस्तार से समझाया तथा भारतीय रेल बचाना है, भारतीय रेल के कर्मचारि के रूप में ही सेवानिवृति लेना है तो यूनियन के चुनाव चिन्ह पर मुहर लगा कर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की ।कामरेड नायर ने जोरदार और चुटिले अंदाज के संबोधन से सभी रेल कर्मचारियों को संबोधित किया और यूनियन के मान्यता चुनाव में अधिक से अधिक मतदान की अपील की। कार्यक्रम को शाखा सचिव कामरेड वायआर धोटे,का ,राजेश कोसे का,एमके ठेपे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर शाखा कोषाध्यक्ष नविन कडवे, का. संजय प्रजापति, का मोहन ईवने, का,अखिलेश सिग, का. शेख़ शफी, का. शरद वर्मा ,का प्रमोद, का हिमाशु कुमार, का पंकज धोटे एवं अन्य यूनियन के पदाधिकारी तथा रेल कर्मचारी साथी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन का ए के जैन एवं का डी के सागरे ने किया।

# जीप ने मोटर साइकिल को पीछे से टक्कर मारी, 3 दोस्तों की मौत

### इज्तिमा में श्रमदान करने आए थे, वापस लौटते समय हुआ हादसा



**भोपाल,देशबन्धु।** नई मंडी के पास स्थित ब्रिज के करीब तेज रफ्तार थार जीप ने मोटर साइकिल सवार तीन दोस्तों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीनों की मौत हो गई। बताया गया है कि मृतकों में एक युवक की मां बीमार हैं। उन्हें देखने के बाद तीनों ऐशबाग के लिए रवाना हुए थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। तीनों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिए गए हैं।

छोला मंदिर पुलिस के मुताबिक, अलफैज पुत्र मोहम्मद वसीम उम्र 20 वर्ष निवासी अहमद अली कॉलोनी एश्बाग़ गली नंबर-2, समीर पुत्र हनीफ खान उम्र 19 वर्ष गली नंबर 4 अहमद अली कॉलोनी ऐशबाग और समीर पुत्र नज़ाकत उम्र18 वर्ष मूल रूप से लटेरी जिला विदिशा का रहने वाला था। उसका परिवार करोंद में रहता है। तीनों दोस्त माय किचन नाम की कंपनी में फर्नीचर की कारीगरी का काम करते थे। इन दिनों उनका काम न्यू मार्केट में चल रहा है। समीर पुत्र नज़ाकत को करोंद से न्यू मार्केट दूर पड़ता था। ऐसे में वह पिछले चार महीन से दोस्त समीर पुत्र नज़ाकत के घर के करीब किराए से रहने लगा था। रविवार को तीनों दोस्त ईटखेड़ी में होने वाले इज्तिमा में श्रमदान की नीयत से गए थे। यहां से शाम को लौटे तो समीर पुत्र नजाकत अली अपने परिवार से मिलने करोंद चला गया। यहां पिता नहीं थे तो बीमार मां और भाई बहनों से मिलने के बाद तीनों एक ही मोटर साइकिल पर सवार होकर ऐशबाग के लिए रवाना हुआ। रात करीब साढ़े 11 बजे करोंद मंडी के पास स्थित ब्रिज के करीब ओवरटेक करते समय एक जीप ने उनके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में अलफैज की मौके पर मौत हो गई। दोनों समीर को हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने चंद मिनटों के भीतर ही दोनों को एक-एक कर मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और सोमवान को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों सौंप दिए गए। पुलिस अब प्रकरण दर्ज कर टक्कर मारने वाले जीप चालक की तलाश कर रही है।

# श्री बालाजी इंस्टिट्यूट की छात्राओं का आरबीआई 90 प्रश्नोत्तरी में राज्य स्तर के लिए चयन

**बैतूल, देशबन्धु।** श्री बालाजी इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, बैतूल बी.टेक. द्वितीय वर्ष कंप्यूटर साइंस शाखा की छात्राएं कु. मुस्कान साहू और कु. प्रियंका उघड़े भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित आरबीआई90 प्रश्नोत्तरी परीक्षा में राज्य स्तरीय राउंड के लिए चयनित हुई हैं। यह महाविद्यालय के साथ बैतूल जिले के लिए गर्व का विषय है कि दोनों छात्राओं को भोपाल के ताज होटल में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए आमंत्रित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. जे. शाह, कंप्यूटर साइंस विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पंकज सिंह सिसोदिया और अन्य प्राध्यापकों ने छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। प्राध्यापिका प्रो. मोनिका बर्डे ने छात्राओं को विशेष मार्गदर्शन दिया और आगामी प्रतियोगिता के लिए उन्हें प्रेरित किया। छात्राएं भोपाल के लिए रवाना हो चुकी हैं, जहां वे महाविद्यालय और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शाह ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा




कि यह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर पंकज सिंह सिसोदिया ने विश्वास जताया कि मुस्कान और प्रियंका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करेंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर पूरे महाविद्यालय में उत्साह का माहौल है। सभी छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# तालाब निर्माण से असिंचित क्षेत्र के किसानों को मिलेगी सिंचाई सुविधा : खण्डेलवाल

**बैतूल, देशबन्धु।** बैतूल विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवगॉव के चौकी ग्राम में निवासरत आदिवासी किसानों को बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री विशेष निधी से चौकी ग्राम में 69 लाख 14 हजार रुपये की लागत से तालाब निर्माण स्वीकृत हुआ है। विधायक श्री खण्डेलवाल नें उक्त निर्माण कार्य का भूमिपूजन करनें के बाद ग्रामीणों से संवाद के दौरान कहा कि तालाब निर्माण के बाद असिंचित क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिलेगी जिससे उनकी तरक्की की राह आसान हो जाएगी। बैतूल विधायक नें मुख्यमंत्री विशेष निधी से खेड़ीसावलीगंढ में पांढरी रोड पर



नागदेव मंदिर के समीप पॉच लाख के सामुदायिक भवन,ग्राम पंचायत सराड़ में ग्राम कनारा से भट्टागिरी तक 20 लाख रुपये की 2 किमी ग्रेवल सड़क तथा ग्राम पंचायत कुम्हली में 20 लाख रुपये लागत की दनोरा फोरलेन तक सीसी रोड नाली निर्माण एवं 19.96 लाख की 600 मीटर नाली निर्माण का भूमिपूजन किया। भूमिपूजन कार्यकमों में ग्रामीणों से संवाद के दौरान श्री खण्डेलवाल नें कहा कि जन जन की समस्याओं का त्वरित निराकरण एवं मूलभूत सुविधांए उपलब्ध करवानें के साथ ही उनका फोकस रोजगार पर है। उन्होनें कहा कि युवाओं और महिलाओं को स्किल डव्हलपमेंट की ट्रेनिंग दिलवाकर उन्हें हुनरमंद बनाकर रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। इसके लिए बैतूल जिले में बड़े उद्योगों और स्किल डव्हलपमेंट प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करवानें के प्रयास किए जा रहे है। महिलाओं को स्वसहायता समूहों से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। स्वरोजगार के लिए शहरी सहित ग्रामीण इलाकों में बड़े-छोटे शापिंग कॉम्प्लेक्स भी बनाए जा रहे है। कार्यकमों के दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे,जनपद सदस्य श्रीमति सरोज जितेन्द्र राठौर, श्रीमति नमिता सुक्कल, श्रीमति प्रीति बारस्कर, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेशवर सिंह चंदेल, बैतूल ग्रामीण अध्यक्ष नितिन बारस्कर, सरपंच श्रीमति शर्मिला केवल ठाकुर, श्रीमति शर्मिला सदन परते, श्रीमति कमलती सुनील अहाके, मंशाराम धुर्वे, रेवती सरले, गोकुल सिंह चैहान, आनंद गिरी, रुपेश अग्रवाल, कमल मालवीय, जुबेर पटेल, बंटी राने,बंटी राठौर, उल्लास महाराज, राजू राठौर, चन्द्रभान सिंह चंदेल, अनिल सिंह, जितेन्द्र सिहं परमार, भीमराव धुर्वे, साहबलाल अहाके, बबला पवॉर, शिवचरण बामने, परसराम बारस्कर, विजय बारस्कर सहित ग्रामीण,अधिकारी मौजूद रहे।

नर्मदापुरम, बुधवार 27 नवम्बर 2024

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# ईवीएम पर फिर उठे सवाल

महाराष्ट्र और झारखंड दोनों ही राज्यों में चुनावी नतीजे शनिवार को सामने आ गए और अब नयी सरकारों के गठन की तैयारी प्रारंभ हो चुकी है। झारखंड में हेमंत सोरेन फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं, जबकि महाराष्ट्र में इन पंक्तियों के लिखे जाने तक यह तय नहीं हो पाया है कि मुख्यमंत्री की कुर्सी पर एकनाथ शिंदे ही फिर से बैठेंगे या भाजपा इस बार देवेन्द्र फड़नवीस को प्रतीक्षा करने का इनाम देगी। महाराष्ट्र में महायुति के आपसी समीकरण किस तरह तय होंगे, यह देखना भाजपा, शिवसेना शिंदे गुट और एनसीपी अजित पवार गुट का काम है। यह तय है कि महाविकास अगाड़ी को एक बार फिर विपक्ष में ही बैठना पड़ेगा, क्योंकि नतीजे उसकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं आए। महायुति को इतनी बड़ी जीत मिलेगी, इस बात पर लगातार हैरानी जताई जा रही है क्योंकि जमीन पर माहौल एमवीए के लिए बना हुआ दिखाई दे रहा था। अब इस पर ईवीएम और चुनाव आयोग द्वारा पेश किए गए मतदान प्रतिशत और गिने गए वोटों में दिख रहे अंतर को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

शिवसेना सांसद संजय राउत के हिसाब से यह जनता का सुनाया फैसला नहीं है, वे मांग कर रहे हैं कि एक बार चुनाव मतपत्रों यानी बैलेट पेपर से करवाएं जाएं, तो हकीकत सामने आ जाएगी। कुछ ऐसे ही आरोप कांग्रेस, शरद पवार की एनसीपी और सपा आदि दलों के नेताओं ने भी लगाए हैं। हरियाणा चुनावों में भी कांग्रेस ने इसी तरह ईवीएम में गड़बड़ी के आरोप लगाए थे कि जिन सीटों पर गणना के वक्त ईवीएम की बैटरी 90 प्रतिशत तक चार्ज थी, वहां भाजपा को जीत मिल गई। तब सवाल उठे थे कि किसी भी मशीन की बैटरी प्रयोग में होने के इतनी देर बाद भी 90 प्रतिशत तक चार्ज कैसे रह सकती है। कांग्रेस ने तब कम से कम 20 सीटों में गड़बड़ी के खिलाफ तथ्यों के साथ एक शिकायत चुनाव आयोग में दायर की थी, जिसे फौरन खारिज कर दिया गया। बल्कि इसका जवाब देने में आयोग की तरफ से जो भाषा इस्तेमाल की गई, वह भी उचित नहीं थी। हालांकि अब फिर से हरियाणा कांग्रेस ने 27 सीटों में ईवीएम और आचार संहिता के उल्लंघन जैसी शिकायतों पर आधारित एक याचिका पंजाब व हरियाणा उच्च न्यायालय में दाखिल की है। जिस पर सुनवाई होनी है। इधर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका फिर से खारिज की गई, जिसमें मांग की गई थी कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए। साथ ही इसमें यह सुझाव भी दिया गया था कि मतदाताओं को खरीदने की कोशिश करता हुआ अगर कोई उम्मीदवार दोषी पाया जाता है तो उसे पांच साल तक चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य करार करना चाहिए। के एल पॉल की इस याचिका को जस्टिस पी बी वराले और जस्टिस विक्रमनाथ की बेंच ने खारिज तो कर ही दिया, साथ ही कहा कि जब आप चुनाव जीतते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ नहीं होती और जब हारते हैं तो ईवीएम से छेड़छाड़ होती है।

शीर्ष अदालत की तरफ से जो तर्क अपने फैसले में सुनाया गया, वह नया नहीं है। इन चुनावों में भाजपा भी इसी तरह की बात कह रही है। महाराष्ट्र में विपक्ष ईवीएम या अन्य गड़बड़ियों का मुद्दा उठा रहा है तो उसे झारखंड की जीत याद दिलाई जा रही है। हालांकि असल सवाल इसमें गुम हो रहा है कि क्या झारखंड में भाजपा ने हाथ पीछे खींच लिए ताकि महाराष्ट्र की सत्ता बरकरार रखी जाए। झारखंड में इंडिया गठबंधन की जीत से ईवीएम पर सवाल उठने बंद हो जाएंगे, शायद यह सोच भाजपा की थी। लेकिन अब कुछ और उलझे हुए तार सामने आए हैं, जिनसे निष्पक्ष चुनाव के ऊपर लग गए सवालिया निशान बड़े होते जा रहे हैं।

महाराष्ट्र में चुनाव आयोग ने मतदान प्रतिशत का अंतिम आंकड़ा 66.05 फीसदी बताया, जो कुल 64,088,195 वोट होते हैं, लेकिन मतगणना में गिने गए कुल वोटों का जोड़ 64,592,508 आया, जो कुल पड़े वोटों से 504,313 अधिक है। पांच लाख वोटों का यह अंतर क्यों और कैसे आया, इसका संतोषजनक दवाब निर्वाचन आयोग को देना चाहिए। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में बड़े दिलचस्प आंकड़े सामने आए हैं, अष्टी निर्वाचन क्षेत्र में मतदान से 4,538 अधिक वोट गिने गए। यानी जितने वोट पड़े नहीं, उससे ज्यादा गिने गए। वहीं उस्मानाबाद निर्वाचन क्षेत्र में जितने वोट डाले गए और जितने गिने गए, उनमें 4,155 वोटों का अंतर रहा। नवापुर विधानसभा क्षेत्र अजा आरक्षित है, यहां निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदाताओं की कुल संख्या 2,95,786 है और मतदान 81.15 फीसदी हुआ। इसका मतलब 2,40,022 वोट पड़े। लेकिन कुल 2,41,193 वोटों की गिनती हुई। यानी 1,171 वोट अधिक गिने गए और हैरानी की बात ये है कि यहां जीत का अंतर 1,122 वोटों का था। इसी तरह मावल विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की कुल संख्या 3,86,172 है और मतदान 72.59 फीसदी हुआ। इसका मतलब 2,80,319 वोट पड़े। हालांकि, आयोग द्वारा प्रकाशित नतीजों के अनुसार, कुल वोटों की गिनती 2,79,081 थी, जो डाले गए वोटों से 1,238 वोट कम है।

कहीं मतदाताओं से ज्यादा वोटों की संख्या रही, कहीं कुल मतदान से कम या ज्यादा वोटों की गिनती हुई। भले ही 288 सीटों में से कुछ ही सीटों पर ऐसी गड़बड़ी सामने आई है, लेकिन इसकी क्या गारंटी है कि बाकी जगह पर इसी तरह की कोई और गड़बड़ी नहीं हुई होगी। महाराष्ट्र में कई विधानसभा सीटों पर जीत-हार का अंतर भी बेहद मामूली रहा। कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले तक अपनी सीट बमुश्किल 208 वोटों से जीत पाए, मालेगांव सीट पर एआईएमआईएम प्रत्याशी ने महज 162 वोटों से अपनी सीट बचाई। ऐसे में अगर हजार-दो हजार का अंतर मतदान के वास्तविक आंकड़े और गिने गए वोटों में दिख रहा है, तो फिर नतीजों में उलटफेर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट या निर्वाचन आयोग बैलेट पेपर यानी मतपत्रों से चुनाव की बात मौजूदा वक्त में स्वीकार नहीं करेगा, यह जाहिर है। हालांकि दुनिया के कई देशों ने ईवीएम से किनारा कर लिया है। लेकिन भारत अभी बाकी दुनिया की राह पर नहीं चलना चाहता। समय और संसाधन की बचत जैसे तर्क ईवीएम के पक्ष में दिए जाते हैं। हालांकि यह विचारणीय मुद्दा है कि समय और संसाधन बचाते हुए क्या हम लोकतंत्र को खो रहे हैं।

# धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद से आखिर किसे है दिक्कत?

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सोमवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया गया जिनमें मांग की गयी थी कि संविधान की प्रस्तावना से 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' शब्दों को हटा दिया जाये। 22 नवम्बर को इस सन्दर्भ में दाखिल कई याचिकाओं पर दिये गये निर्णय को सुरक्षित रखा गया था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना एवं जस्टिस संजय कुमार की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ये दोनों शब्द संविधान की बुनियाद हैं। उल्लेखनीय है कि 1949 में जब यह संविधान स्वीकृत किया गया था, तब ये शब्द उसकी प्रस्तावना में नहीं थे। उन्हें इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते 1976 में 42वें संशोधन के जरिये जोड़ा गया था। हालांकि धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद के तत्व हमारे संविधान की आत्मा में किसी न किसी प्रकार से निहीत थे ही। जस्टिस खन्ना का यह अवलोकन बहुत प्रासंगिक व सटीक है कि भारतीय सन्दर्भों में कल्याणकारी राज्य की अवधारणा के रूप में समाजवाद को देखा जाना चाहिये। संविधान लागू होकर 7 दशक से ज्यादा का वक्त निकल गया है, फिर भी धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद के गुणों को संविधान के विभिन्न प्रावधानों एवं व्यवस्थाओं के माध्यम से देश की प्रशासकीय प्रणाली और सार्वजनिक जीवन में समाहित किया गया है। इतने सालों के बाद अगर कोई तत्व इसमें फेरबदल करना चाहते हैं तो उनकी शिनाख्त ज़रूरी है, तथा यह भी समझ लेना आवश्यक है कि आखिर उनका मकसद क्या हो सकता है।

अगर पहले धर्मनिरपेक्षता की बात करें तो ऐसा कहना कतई गलत नहीं होगा कि संविधान निर्माताओं को यह बात बहुत अच्छे से पता था कि विविध धर्मों और मान्यताओं वाले इस देश को अगर एक सूत्र में पिरोकर रखना है और सभी नागरिकों के बुनियादी अधिकारों को बरकरार रखना है तो राज्य को चाहिये कि वह सभी धर्मों से एक सी दूरी बनाकर रखे। राज्य का खुद का कोई धर्म नहीं होगा लेकिन वह सभी लोगों की धार्मिक आजादी को सुनिश्चित करेगा। यही एक व्यवस्था है जो इन दोनों ज़रूरतों को एक साथ पूरा कर सकती है। भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से होकर गुजरने वाले राष्ट्र निर्माताओं ने देखा भी था कि धार्मिकता ने देश का कितना नुकसान किया था। इसलिये महात्मा गांधी समेत तमाम वे बड़े नेता, जिन्होंने आजादी के बाद देश की कमान सम्हाली थी, संविधान का चरित्र धर्मनिरपेक्ष ही रखना चाहते थे। ये शब्द चाहे संविधान लागू होने के तकरीबन 25 वर्ष बाद जुड़े हों लेकिन उसमें प्रदत्त मूलभूत अधिकारों और राज्य के नीति निर्देशक तत्वों से साफ है कि वे उसका स्वरूप प्रारम्भ से ऐसा ही चाहते थे। 42वें संशोधन को तो स्पष्टोक्ति मात्र ही कहा जाना चाहिये।

जब संविधान का धर्मनिरपेक्षता का स्वरूप ही एक वर्ग और विचारधारा को पसंद नहीं आया था, तो प्रस्तावना में उसे जोड़ा जाना तो उन्हें नागवार गुजरना ही था। कौन सा है वह वर्ग और कौन हैं ये लोग? निश्चित ही वे लोग जो देश पर बहुसंख्यकवाद को थोपने में यकीन रखते हैं। उनके अनुसार भारत में बहुसंख्यक सम्प्रदाय ही श्रेष्ठ है और दूसरे दोयम दर्जे के हैं। उनके अनुसार नैसर्गिक रूप से बहुसंख्यकों को सारे संसाधनों और अवसरों का लाभ मिलना चाहिये जबकि अन्य का इन पर कोई हक नहीं हो सकता। स्वतंत्र भारत की पिछली सारी सरकारों ने इस सिद्धांत को ही स्वीकार किया कि देश सभी का है और सभी को यहां के संसाधनों-अवसरों का लाभ उठाने का एक जैसा अधिकार है।



डॉ. दीपक पाचपोर

जब संविधान का धर्मनिरपेक्षता का स्वरूप ही एक वर्ग और विचारधारा को पसंद नहीं आया था, तो प्रस्तावना में उसे जोड़ा जाना तो उन्हें नागवार गुजरना ही था। कौन सा है वह वर्ग और कौन हैं ये लोग? निश्चित ही वे लोग जो देश पर बहुसंख्यकवाद को थोपने में यकीन रखते हैं। उनके अनुसार भारत में बहुसंख्यक सम्प्रदाय ही श्रेष्ठ है और दूसरे दोयम दर्जे के हैं। उनके अनुसार नैसर्गिक रूप से बहुसंख्यकों को सारे संसाधनों और अवसरों का लाभ मिलना चाहिये जबकि अन्य का इन पर कोई हक नहीं हो सकता।

ये नामंजूर हुई याचिकाएं हों या इस सम्बन्ध में दिये जाने वाले चुनावी नारे एक बड़ी खाई बना चुके हैं। धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बोलना दोहरे उद्देश्यों को पूरा करता है। एक ओर तो ध्रुवीकरण होता है तो वहीं वह समाजवाद की धारणा को भी चुनौती देता है क्योंकि समाजवाद का आधार समानता का सिद्धांत है। हालांकि उसके बहुत से और भी आयाम हैं जो समाज के साथ-साथ देश के राजनीतिक एवं आर्थिक क्षितिजों का भी स्पर्श करते हैं।

ऐसे ही, समाजवाद को लेकर बड़ी भ्रांतियां है। भ्रांति से भी ज्यादा नासमझी है। भारतीय प्रणाली में समाजवादी सिद्धांत का समावेश मूलत: प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की देन कही जा सकती है। यूरोप में उच्च शिक्षा ग्रहण करने तथा उसके बाद सार्वजनिक जीवन में काम करने के दौरान उन्हें यूरोपीय समाजवाद के अध्ययन का मौका मिला था। गांधी के असर और आजादी के संघर्ष के दौरान देश को करीब से उन्हें जानने का जो मौका मिला, सम्प्रभु भारत में उन्होंने मध्यम मार्ग अपनाते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था को लागू किया। वरना उन्हें साम्यवाद अधिक आकृष्ट करता था लेकिन उन्हें कालांतर में समाजवाद की यह खूबी नज़र आई होगी कि समानता में राज्य की भूमिका अहम है। इसलिये उन्होंने शासकीय व्यवस्था को उसी के अनुरूप ढाला था। लम्बी गुलामी से विपन्न हो चुके भारत के कायाकल्प में समाजवाद ने बड़ी भूमिका निभाई- चाहे वह आधी-अधूरी ही अपनाई गयी हो। देश में पूंजीवाद के खिलाफ तनकर जो विचारधाराएं खड़ी रही उनमें साम्यवाद के अलावा समाजवाद ही था। भारतीयों को कम्युनिस्ट विचारधारा कुछ ज्यादा ही लाल लगती रही है। इसलिये समाजवाद उन लोगों की पहली पसंद थी जो कांग्रेस और नेहरूवियन दर्शन को नापसंद करते थे। हालांकि संसद के शुरुआती दौर में साम्यवादी सांसद ही उनके प्रमुख विरोधी हुआ करते थे। जो लोग धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ होते हैं, वे अपने आप समाजवाद के भी विरोध में दिखाई देंगे क्योंकि समाजवाद और धर्मनिरपेक्षता के साफ अंतर्संबंध हैं।

यही कारण है कि सुप्रीम कोर्ट में जो याचिकाएं लगाई गई थीं (जिन्हें न्यायालय ने अस्वीकृत किया है) उनमें इन्ही दो शब्दों (धर्मनिरपेक्षता व समाजवाद) का विरोध है। धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद दोनों ही समानता में विश्वास करते हैं जिससे एक वर्ग का दोनों से एक साथ विरोध हो जाता है। 2014 में जब भारतीय जनता पार्टी की सरकार आई और उसने दो और चुनाव जीतकर सरकारें बनाई हैं, तो ऐसे तत्वों के हौसले बुलन्द हैं। हालांकि इन याचिकाकर्ताओं में सुब्रमण्यम जैसे लोग भी हैं जो कहने को तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोधी हैं लेकिन कट्टरता में उनके एकदम समांतर हैं। ऐसे लोगों का भरोसा भारत को एक मजहब विशेष की पहचान वाला देश बनाने में है। उसकी शुरुआत धर्मनिरपेक्षता का विरोध करने से होती है। बताया यह जाता है कि अब तक, खासकर कांग्रेस के राज में मुस्लिम तुष्टीकरण होता रहा है। सभी धर्मों के साथ एक जैसा व्यवहार और सबसे एक जैसी दूरी के सिद्धांत को गलत ढंग से पेश किया जाता है। दरअसल यह एक धर्म विशेष तथा उनके अनुयायियों के प्रति घृणा फैलाने का उपकरण बन गया है। इसकी पराकाष्ठा एक ओर नेहरू के पुरखों को मुस्लिम बताया जाना है, तो दूसरी ओर 11 वर्षों तक शासन करने के बाद मोदी लोगों को यह कहकर डराते हैं कि कांग्रेस की सरकार आई तो महिलाओं के मंगलसूत्र और मवेशी मुसलिमों को दे दिये जायेंगे।

वैसे शीर्ष न्यायालय के इस फैसले के बाद यह बहस बन्द हो जानी चाहिये और सरकार को भी आश्वस्त करना चाहिये कि ये शब्द नहीं हटेंगे, लेकिन सम्भवत: ऐसा नहीं होगा क्योंकि 'धर्मनिरपेक्षता' और 'समाजवाद' दोनों ही नये निज़ाम की आँखों में न केवल चुभते हैं बल्कि अब ये दोनों शब्द ध्रुवीकरण करने, पूर्ववर्ती शासकों को बदनाम करने और चुनाव जीतने के उपकरण बनकर रह गये हैं। इसलिये इन शब्दों के खिलाफ़ याचिकाएं दायर कराई जाती हैं अथवा लोगों को भड़काया जाता है- जिस प्रकार आरक्षण खत्म करने या संविधान बदलने की बातें होती हैं।

**(लेखक देशबन्धु के राजनीतिक सम्पादक हैं)**

# दिल्लीवासी चुनाव से पहले स्वच्छ हवा के लिए सख्त कदम उठाने की मांग करें

■ कल्याणी शंकर

दिल्ली के निवासियों को हर साल प्रदूषण का सामना क्यों करना पड़ता है, जबकि शासक वर्ग इसके लिए पड़ोसी राज्यों हरियाणा, पंजाब और उत्तर प्रदेश में पराली जलाने को दोषी ठहराता है? क्या वे इस बात पर बहस करने के बजाय कि पराली जलाने वाली मशीनों और अन्य संबंधित खर्चों का भुगतान कौन करेगा, इसका स्थायी समाधान नहीं खोज सकते? दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित सीमा से आठ गुना अधिक है। यह उस स्तर पर पहुंच गया है जहां न्यायपालिका, कार्यपालिका और संसद एक-दूसरे पर दोषारोपण कर रहे हैं और प्रदूषण का गंभीर स्तर जारी है।

अमेरिका में एक महीने की छुट्टी से लौटते हुए, मैं इस सप्ताह आधी रात के बाद दिल्ली पहुंचते ही प्रदूषण संकट की गंभीरता से तुरंत प्रभावित हो गयी। अंधेरे आसमान, धूल की चादर, गर्मी और सांस लेने में कठिनाई ने एक कठोर चेतावनी और कार्रवाई के लिए एक ज़रूरी आह्वान के रूप में मेरा स्वागत किया।

इस सप्ताह दिल्ली में प्रदूषण का स्तर अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है। इस ख़तरनाक स्तर के कारण राज्य के अधिकारियों ने आवाजाही सीमित कर दी है और विषाक्त पदार्थों को साफ़ करने के लिए कृत्रिम बारिश को प्रोत्साहित करने की योजना पर चर्चा को फिर से शुरू कर दिया है। इसने शहर को घने भूरे रंग के धुएं में ढकने के कारण स्कूलों और दफ़्तरों को बंद करने के लिए मजबूर किया और तत्काल कार्रवाई की मांग की। बच्चों और वृद्धों में श्वसन संबंधी बीमारियों की संख्या बढ़ रही है, साथ ही अन्य स्वास्थ्य समस्याएं भी। उत्तर में ठंडी सर्दियों में, हर साल धुआं पूरे क्षेत्र को ढक लेता है और आग, निर्माण और कारखानों से निकलने वाले हानिकारक प्रदूषकों को फंसा लेता है। यह समस्या तब और भी बदतर हो जाती है जब किसान नयी फ़सल की तैयारी के लिए चावल की कटाई के बाद अपने खेतों में पुआलको जला देते हैं।

हर साल यही या इससे भी बदतर स्थिति सामने आती है, जो समय के साथ ख़तरनाक स्तर तक पहुंच जाती है। नागरिक असहाय महसूस करते हैं जबकि राजनेता दोषारोपण के खेल में लगे रहते हैं। नतीजतन, जनता खराब वायु गुणवत्ता को झेलती है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से ख़तरा है। अमीर लोग अक्सर सर्दियों के दौरान गर्म जगहों पर चले जाते हैं, लेकिन बच्चों और वृद्धों को सबसे ज़्यादा परेशानी होती है। कई स्कूल बंद हो गये हैं और निवासियों को घर के अंदर रहने की सलाह दी गयी है। निर्माण कार्य रोक दिया गया है और सरकार प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ऑड-ईवन वाहन उपयोग नीति लागू करने पर विचार कर रही है। हालांकि यह सही दिशा में उठाया गया कदम है, लेकिन संकट की गंभीरता को देखते हुए बिना किसी देरी के प्रभावी समाधान की आवश्यकता है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विश्व स्वास्थ्य संगठन और अन्य निगरानी एजेंसियों के अनुसार, दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 1,200 से 1,500 के बीच है। भारत का एक्यूआई 200 से अधिक होने पर खराब, 300 से अधिक होने पर बहुत खराब और 400 से अधिक होने पर गंभीर या खतरनाक श्रेणी में आता है। अनुशंसित एक्यूआईसीमा 0 से 100 के बीच है। यह भयावह स्थिति अंतरराष्ट्रीय यात्रियों और प्रवासी भारतीयों को अपनी वार्षिक यात्राओं की योजना बनाने से हतोत्साहित करती है।

सरकारें और राजनेता समस्या के मूल कारण से अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेकिन दोषारोपण का खेल खेलते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को प्रदूषण से निपटने का आदेश दिया है। अतीत में, इसने दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों का नेतृत्व भी किया है। इसने शहर में कौन से वाहन चल सकते हैं, इस बारे में नियम तय किये हैं, हवा को प्रदूषित करने वाली कई फैक्ट्रियों को दूसरी जगह ले जाने का आदेश दिया है और उत्सर्जन को कम करने के लिए व्यवसायों को बंद करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने सरकार पर कार्रवाई करने का दबाव भी बनाया। गलती क्रियान्वयन में है।

पिछले महीने, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया कि स्वच्छ हवा एक मौलिक मानव अधिकार है। इसने केंद्र सरकार और राज्य अधिकारियों दोनों को तत्काल कार्रवाई करने का आदेश दिया। हालांकि, वाहनों पर प्रतिबंध, औद्योगिक नियमन और जन जागरूकता अभियान जैसे अधिकांश उपाय, खराब होती वायु गुणवत्ता को रोकने में अधिक प्रभावी होने चाहिए।

आलोचक सवाल उठाते हैं कि न्यायालय के फैसले कितने प्रभावी हैं और न्यायपालिका पर कार्यकारी मामलों में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को अपने 2024 के घोषणापत्र में पिछले वादों के विपरीत, प्रदूषण को कम करने के वादे शामिल करने चाहिए थे। इसके बजाय, घोषणापत्र में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) और प्रदूषण को कम करने के तरीकों पर ध्यान केंद्रित किया गया। आप ने नागरिकों की भागीदारी की आवश्यकता और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए इलेक्ट्रिक बसों का उपयोग करने की योजना पर प्रकाश डाला।

अब जबकि यह खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, केंद्र और राज्य सरकारों को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के संबंध में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो वास्तविक दोषी हैं। हर सर्दियों में खेतों में लगी आग से निकलने वाला धुआं दिल्ली को अपनी चपेट में ले लेता है और दिल्ली के आसमान को ढक लेता है। किसान आग जलाना पसंद करते हैं क्योंकि यह उनके खेतों को साफ करने का सबसे सस्ता तरीका है। राज्य सरकारें मांग करती हैं कि केंद्र किसानों को धुआं उत्सर्जन कम करने में सहायता के लिए धन मुहैया कराये, लेकिन यह समस्या हर साल बनी रहती है।

अब जबकि यह खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है, केंद्र और राज्य सरकारों को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के संबंध में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना चाहिए, जो वास्तविक दोषी हैं। हर सर्दियों में खेतों में लगी आग से निकलने वाला धुआं दिल्ली को अपनी चपेट में ले लेता है और दिल्ली के आसमान को ढक लेता है। किसान आग जलाना पसंद करते हैं क्योंकि यह उनके खेतों को साफ करने का सबसे सस्ता तरीका है। राज्य सरकारें मांग करती हैं कि केंद्र किसानों को धुआं उत्सर्जन कम करने में सहायता के लिए धन मुहैया कराये, लेकिन यह समस्या हर साल बनी रहती है। विशेषज्ञों का कहना है कि अब समय आ गया है कि आधे-अधूरे उपायों को छोड़ दिया जाये और व्यापक समाधान लागू किये जाएं। उदाहरण के लिए, ग्रेप-3 को ग्रेप-4 में अपग्रेड किया जाना चाहिए, जिससे ऑड-ईवन नियम को लागू करना आसान हो सके। दिल्ली विधानसभा का चुनाव नजदीक है। लोगों को इसे चुनावी मुद्दा बनाना चाहिए। इस बीच, दिल्ली के निवासियों को इस मुद्दे पर विचार करना चाहिए।

प्रदूषण से निपटने के लिए त्वरित समाधान पर विचार करें, जैसे मास्क पहनना, घर के अंदर हवा को शुद्ध करने वाले पौधे लगाना, तथा अमीर लोगों द्वारा एयरप्यूरीफायर का उपयोग करना, भाप स्नान करना, स्वस्थ भोजन खाना, तथा अपने घरों में उचित वेंटिलेशन सुनिश्चित करना। नागरिकों को प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद करने के लिए अधिकारियों की सहायता भी करनी चाहिए।

## आपके पत्र

### सबसे छोटे तारे कितने छोटे हो सकते हैं

खगोलशास्त्री लंबे समय से एक सवाल का जवाब खोजने का प्रयास कर रहे हैं- कोई तारा कितना छोटा हो सकता है? नासा के जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) द्वारा एक ब्राउन ड्वार्फ का हालिया अवलोकन संभवत- इस जवाब के करीब ले जाता है। JWST की पैनी व अवरक्त निगाह ने अब तक देखे गए सबसे छोटे ब्राउन ड्वार्फ में से कुछ की पहचान की है। इनका द्रव्यमान बृहस्पति ग्रह के द्रव्यमान से तीन से आठ गुना के बीच है।

ब्राउन ड्वार्फ ऐसे खगोलीय पिंड होते हैं जिनका निर्माण तो तारों की तरह ही होता है लेकिन इनका द्रव्यमान इतना कम होता है कि इनके केंद्र में नाभिकीय संलयन बहुत कम हो पाता है – इतना कम कि वह इन्हें तारों समान चमकीला बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होता। इसी कारण से ब्राउन ड्वार्फ को कभी-कभी 'नाकाम तारे' भी कहा जाता है। गौरतलब है कि संलयन से चमक पैदा करने के लिए सितारों को बृहस्पति ग्रह से लगभग 70 गुना अधिक द्रव्यमान का होना आवश्यक होता है। फिर भी बृहस्पति के द्रव्यमान से 13 गुना अधिक द्रव्यमान के ब्राउन ड्वार्फ थोड़े समय के लिए ड्यूटेरियम नामक हाइड्रोजन समस्थानिक परमाणुओं का संलयन करके धीमे-धीमे जल सकते हैं। उससे कम पर वे बिल्कुल भी नहीं जलते हैं। अलबत्ता, सबसे छोटे ब्राउन ड्वार्फ और ग्रहों के बीच अंतर करना मुश्किल हो सकता है क्योंकि हो सकता है कि वे एक जैसे दिखाई दें।

2021 में JWST लॉन्च होने से पहले, खगोलविद बृहस्पति के पांच गुना साइज़ के ब्राउन ड्वार्फ का पता लगा सकते थे। लेकिन अब, JWST के उन्नत अवरक्त सेंसर के माध्यम से वस्तुओं की अत्यंत मंद रोशनी को देखने की क्षमता ने शोधकर्ताओं को बृहस्पति से तीन गुना द्रव्यमानों के बराबर हल्के ब्राउन ड्वार्फ को खोजने में सक्षम बनाया है।

युरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के मार्क मैककॉग्रेन और सैमुअल पीयर्सन के दल ने ओरायन नेबुला (कालपुरुष तारामंडल) में चतुर्भुजी झुंड के निरीक्षण के दौरान जोड़ियों में परिक्रमा करते हुए 42 ब्राउन ड्वार्फ की खोज की है। इनमें से कुछ जोड़ियां, जिन्हें जुपिटर-मास बायनरी ऑब्जेक्ट्स (JuMBOs) कहा जाता है, लगभग बृहस्पति जितने छोटे हैं। यह खोज वर्तमान तारा निर्माण मॉडल को चुनौती देती है, जो भविष्यवाणी करते हैं कि द्रव्यमान में कमी के साथ-साथ युग्मित तारे दुर्लभ होते जाने चाहिए। यदि ये JuMBOs वास्तव में उतने ही हल्के हैं जितने वे दिखाई देते हैं, तो वे तारों के निर्माण के बारे में हमारी सोच को बदल सकते हैं।

हालांकि, हर कोई इस व्याख्या से सहमत नहीं है। कुछ वैज्ञानिकों का मानना है कि ये वस्तुएं ब्राउन ड्वार्फ हो ही नहीं हो सकती हैं। उनके मुताबिक वे दूर के तारे या आकाशगंगाएं हो सकती हैं जिनका प्रकाश ओरायन नेबुला में धूल के कारण धुंधला पड़ जाता है, जिसकी वजह वे अपने वास्तविक आकार से छोटे दिखाई देते हैं। हालांकि, मैककॉग्रीन का कहना है कि सांख्यिकीय रूप से इन वस्तुओं का दूर की पृष्ठभूमि की वस्तुएं होना असंभव है, क्योंकि इतने सारे पिंडों का इस तरह पंक्तिबद्ध दिखाई देना संभव नहीं लगता। इन तारों की इस जमावट को वे 'जंबो एली' कहते हैं।

बहरहाल, इस मुद्दे पर बहस जारी है। मैककॉग्रीन और पीयर्सन आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने पहले ही चतुर्भुजी झुंड की अधिक विस्तृत तस्वीरें ले ली हैं और जल्द ही नए निष्कर्ष प्रकाशित करेंगे। ये अवलोकन JuMBO के अस्तित्व की पुष्टि कर सकते हैं और खगोलविदों को अपनी पूर्व मान्यताओं पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर सकते हैं। मैककॉग्रीन JWST की सीमाओं को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं ताकि उन छोटे ब्राउन ड्वार्फ की खोज की जा सके जो शनि जितने हल्के हैं।

**(स्रोत फीचर्स)**



## ललित सुरजन की कलम से

### प्रधानमंत्री की सही लेकिन अधूरी पहल

*'प्रधानमंत्री ने जो ठोस निर्णय लिया वह वीआईपी वाहनों से लालबत्ती हटाने का है। इसका आम जनता पर अनुकूल प्रभाव पड़ा है किन्तु यह भी एक आधी-अधूरी कवायद है। मुझे खुशी है कि इस निर्णय में जो कमियां हैं उनकी ओर जनता का ध्यान गया है और उन पर सोशल मीडिया में तर्कपूर्ण बातें हो रही हैं। सबसे अहम प्रश्न है कि क्या लालबत्ती हटने से अपने आपको वीआईपी मानने वाले नेताओं का घमंड कम हो जाएगा। उत्तर है कि ऐसा होने की फिलहाल कोई संभावना नहीं है। यह तो हमारे देश की परंपरा है कि जो अपने से कमजोर है उस पर धौंस बनाए रखो। हमारे जनतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना यही है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री आदि की गाड़ी में लालबत्ती रहे न रहे, इससे क्या फर्क पड़ता है? वे जब भी सड़क पर निकलेंगे उनके लिए पहले से यातायात रोक दिया जाता है और वह भी दो-चार मिनट के लिए नहीं, बल्कि कई-कई घंटों तक। मैंने जापान से लेकर अमेरिका तक देखा है कि राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री के लिए कभी भी यातायात दो या तीन मिनट से ज्यादा नहीं रुकता। मेरे जेहन में तो 1970 के दशक के 'द गार्जियन' अखबार में छपी वह तस्वीर आज तक बसी है कि प्रधानमंत्री एडवर्ड हीथ ट्रैफिक जाम में फंस जाने के कारण कार से उतरे और अपना ब्रीफकेस लेकर पार्लियामेंट के लिए पैदल चल पड़े। पाठकों को स्वीडन के प्रधानमंत्री ओलोफ पाल्मे का भी स्मरण होगा जो पत्नी के साथ सिनेमा देखकर पैदल घर लौट रहे थे, और अज्ञात हमलावर ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। क्या हम अपने देश में ऐसी सहजता की कल्पना कर सकते हैं?'*

*'आप कहेंगे कि सुरक्षा की दृष्टि से भारत में ऐसा नहीं हो सकता। चलिए, मान लेते हैं, लेकिन फिर कोई बताए कि प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री के काफिले में कितने वाहन होने चाहिए। सुरक्षा की दृष्टि से आगे-पीछे एक-एक वाहन हो, एकाध एम्बुलेंस भी हो, लेकिन पच्चीस-तीस गाडियां किसलिए? यह याद दिलाना आवश्यक नहीं होना चाहिए कि तमाम सुरक्षा इंतजामों के बावजूद इस देश ने दो प्रधानमंत्रियों की हत्या होने की त्रासदी झेली है। कहने का आशय यह है कि लाव-लश्कर से सुरक्षा नहीं होती, उसके लिए सुरक्षातंत्र की मुस्तैदी आवश्यक है। इंग्लैंड में प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर पर भी आतंकी हमला हुआ था, लेकिन उससे डरकर उन्होंने अपना सुरक्षा प्रबंध दुगुना-तिगुना नहीं कर लिया था। हमें लगता है कि यह सुरक्षातंत्र भी एक तरह से लालबत्ती की तरह ही स्टेट्स सिंबल बन गया है।'*

**(देशबंधु में 27 अप्रैल 2017 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/04/blog-post_27.html

## पावन प्रसंग

### इच्छाशक्ति से साधें जीवन लक्ष्य

सभी में ईश्वरप्रदत्त इच्छाशक्ति अंतर्निहित है। यदि कोई चाहे तो इसे उस स्तर तक बढ़ा सकता है किवह एक सार्थक जीवन जी सके, अद्‌भुत-आश्चर्यजनक उपलब्धियों से जीवन को कृतार्थ कर सके। संभव है कि आपकी इच्छाशक्ति अपनी क्षमता से नीचे चल रही हो, जो जीवन को संतोषजनक उपलब्धियों व सार्थकता की अनुभूति से वंचित कर रही हो। उचित प्रयास द्वारा इसे सशक्त बनाया जा सकता है और इसका श्रेष्ठतम उपयोग करते हुए अपनी मनचाही मंजिल की ओर बढ़ा जा सकता है। जिस तरह बूंद-बूंद से घड़ा भरता है, ऐसे ही नन्हे-नन्हे प्रयासों के साथ इच्छाशक्ति को सशक्त किया जा सकता है।

देखा जाए तो हम इच्छाशक्ति के आधार पर ही जीवित हैं और अपने अंग-अवयवों का सही उपयोग कर रहे हैं। ईश्वर ने हमें देखने के आंखें दी हैं, लेकिन हम क्या देख रहे हैं या हमें क्या नहीं देखना है- इसका निर्धारण हम स्वयं करते हैं। यहां इच्छाशक्ति सक्रिय होती हैं जो व्यक्ति के विवेक के साथ जुड़ी होती है। इस तरह कोई कार्य संपन्न हो रहा है तो यह इच्छाशक्ति का ही परिणाम है। इच्छाशक्ति का स्वास्थ्य से भी सीधा संबंध रहता है। दुर्बल शरीर से इच्छाशक्ति का भरपूर उपयोग नहीं हो पाता। और क्योंकि ऐसे समय में शरीर मन के निर्णय करने का सामान्य बल नहीं रहता। बीमापी इच्छाशक्ति को क्षीण कर देती है। अत: एक स्वस्थ शरीर में दृढ़ इच्छाशक्ति कार्य करती है।

यह आवश्यक नहीं कि दृढ़ इच्छाशक्ति के लिए स्वस्थ शरीर की आवश्यकता हो कई चरित्र के धनी एवं महान व्यक्ति हुए हैं, जो शारीरिक रूप से नाजुक स्थिति में रहे या गंभीर रोगों से पीड़ित रहे बीमारी से उनका जीवन प्रभावित रहा, लेकिन उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति हमेशा सर्वोपरि रही। उन्होंने सिद्धकिया कि शरीर से अधिक मन की दृढ़ता एवं जीने का उत्साह जीवन की सफलता को निर्धारित करते हैं। जब व्यक्ति का मन संशयग्रस्त हो जाता है और वैचारिक स्पष्टता क्षीण हो जाती है तो उसमें सामान्य इच्छाशक्ति का अभाव हो जाता है।

इच्छाशक्ति से विवेक से जुड़ी है व इससेइसका अंतर्संबद्ध है, जो निर्णय कर उस चलना जानती है, लेकिन गहन इच्छाशक्ति हठधर्मी नहीं होती, जो सब कुछ अपने अनुकूल देखना चाहती हो, वास्तविकता से संबंध को चुकी हो और जिसे यथार्थता का बोध न हो, जबकि इच्छाशक्ति झुकना जानती हो, इसमें आवश्यक लचीलापन होता है तथा यह व्यक्ति, परिस्थिति या घटना के अनुरूप स्वयं का ढालना जानती है। इस तरह इच्छाशक्ति की निर्धारक शक्ति है। यदि यह सबल है तो बाकी चीज भी ठीक हो जाती हैं, अपने स्थान पर समायोजित हो जाती हैं। इच्छा मात्र चाह नहीं वह निर्णायक शक्ति है, जिसका मनुष्य के हर अंग अवयव को आज्ञापालन करना होता है। वस्तुत: इच्छाशक्ति के साथ साहस होता है, दृढ़ता होती है, उसकी कीमत चुकाने का माद्दा होता है और पूरा होने तक इंतजार करने का धैर्य भी होता है। मानसिक रोगियों में भी किसी आवेग के अंतर्गत बहुत इच्छाशक्ति के दर्शन हो सकते हैं, लेकिन ये तात्कालिक होती है, जिसमें निर्णय की क्षमता नहीं होती तथा वे स्वयं को वास्तविकता से समायोजित नहीं कर पाते।

इस तरह इच्छाशक्ति व्यक्ति की एक ऐसी विशेषता है, जो मन की स्पष्टता एवं दृढ़ता से अद्‌भुत होती है एवं अपने निर्णयों को क्रियान्वित करने की क्षमता रखती है।

**अखंड ज्योति**

# खेल जगत

## ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए फ्लॉप टॉप ऑर्डर ने बढ़ाई टेंशन : ग्रेग चैपल

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल का मानना है कि पर्थ में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के पहले मैच में भारत से 295 रन से मिली हार के बाद आस्ट्रेलिया का शीर्ष क्रम मेजबान टीम के लिए बड़ी चिंता का विषय है। भारत की यह जीत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत थी। पिछली सबसे बड़ी जीत 1977 में मिली थी, जब भारत ने ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट मेलबर्न में जीता था। यह ऑस्ट्रेलिया में उनकी 10वीं टेस्ट जीत भी थी। पहले बल्लेबाजी करने के बाद भारत सिर्फ 150 रन पर आउट हो गया, लेकिन पूर्णकालिक कप्तान रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में कप्तान के रूप में खड़े जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी से मैच में भारत का कमबैक कराया और ऑस्ट्रेलिया को सिर्फ 104 रन पर समेट दिया। उन्होंने पूरे मैच में कुल आठ विकेट लिए।



# निजी कारण से भारत लौटे गंभीर, बिना कोच खेलने उतरेगी टीम इंडिया

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय क्रिकेट टीम कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ 30 नवंबर से शुरू होने वाले दो दिवसीय मैच में अपने हेड कोच गौतम गंभीर के बिना ही खेलने उतरेगी। गौतम गंभीर निजी कारणों स भारत की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी के पहले क्रिकेट टेस्ट में 295 रन से जीत के बाद भारत लौट आए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की गौतम गंभीर एडिलेड में छह दिसंबर से शुरू होने डे नाइट दूसरे टेस्ट के शुरू होने से पहले वापस भारतीय टीम से जुड़ जाएंगे। एडिलेड का दूसरा डे नाइट टेस्ट पिंक बॉल यानी गुलाबी गेंद से खेला जाएगा। केनबरा में भारतीय टीम का प्राइम मिनिस्टर इलेवन के खिलाफ खेला जाने वाला दो दिवसीय मैच दिन में खेला जाएगा लेकिन इसमें पिंक कुकाबरा बॉल इस्तेमाल होगी। भारतीय क्रिकेट टीम पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर गावसकर ट्रॉफी का पर्थ का पहला



- एडिलेड का दूसरा डे नाइट टेस्ट पिंक बॉल यानी गुलाबी गेंद से खेला जाएगा
- छठे नंबर पर खेलने वाले ध्रुव जुरैल भी पहले टेस्ट में नाकाम रहे थे

टेस्ट जीत सीरीज में 1-0से आगे है। गौतम गंभीर के भारत वापस लौट आने के कारण सहायक कोच अभिषेक नायर, रेयन टेन दोइत्श और मॉर्ने मॉर्केल मिलकर भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। गौतम गंभीर के भारत लौटने के बाद भारत के लिए अच्छी खबर है निजी कारणों से पर्थ में पहले टेस्ट से बाहर रहने वाले नियमित कप्तान रोहित शर्मा वापस टीम इंडिया से जुड़ गए हैं। रोहित की गैरमौजूदगी में बतौर सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने दूसरी पारी में शतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल के साथ शीर्ष क्रम में कामयाब वापसी की थी। ऐसे में बड़ा सवाल रहेगा कि क्या केएल राहुल तीसरे नंबर पर खेलेंगे या फिर इससे मध्यक्रम में छठे नंबर पर है। टूटे अंगूठे के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रह शुभमन गिल भी यदि पूरी तरह फिट हो जाते हैं तो भारत की एकादश मे इन दोनों को शामिल करने के लिए दो जगह खाली करनी पड़ेगीं। अभी हालांकि शुभमन गिल की अंगूठे के टूटने से पूरी तरह उबरने को लेकर कोई खबर नहीं है। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या शुभमन गिल दूसरे टेस्ट में फिट होकर खेलने के लिए उपलब्ध हो पाते हैं या नहीं।

**दो दिवसीय मैच**

यदि शुभमन गिल दूसरे टेस्ट के लिए भी फिट नहीं हुए तो फिर पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर खेलने वाले देवदत्त को एकादश से बाहर रखा जाएगा और यशस्वी के साथ उनके नियमित सलामी जोड़ीदार रोहित शर्मा पारी का आगाज करेंगे और केएल राहुल तब तीसरे नंबर पर खेलेंगे। छठे नंबर पर खेलने वाले ध्रुव जुरैल भी पहले टेस्ट में नाकाम रहे थे और उनकी जगह भारत अपने दो धुरंधा स्पिन ऑलराउंडरों -रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा- में से किसी एक को भी एडिलेड में दूसरे टेस्ट में मौका दे सकता है।

# भारत जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप खिताब पर कब्जा बरकरार रखने उतरेगा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। फुलबैक आमिर अली की अगुआई में और देश को लगातार दो ओलंपिक में कांसा जिताने के बाद अतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहने के बाद चीफ कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले पीआर श्रीजेश के मार्गदर्शन में मौजूदा और चार बार की चैंपियन भारत की जूनियर हॉकी टीम मस्कट (ओमान) में जूनियर पुरुष एशिया कप 2024 हॉकी टूर्नामेंट में खिताब बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारत की जूनियर टीम अपने अभियान का आगाज पूल ए में थाईलैंड में बुधवार को मैच से करेगी। भारत की जूनियर टीम दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे और थाईलैड पूल ए में है। चीन,पाकिस्तान, मलयेशिया, ओमान व बांग्लादेश की टीमें पूल बी में हैं। भारत की जूनियर टीम रिकॉर्ड चार बार - 2004, 2008, 2015 व 2023- में जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप जीत चुकी है। भारत ने 2023 में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को फाइनल 2-1से हराकर रिकॉर्ड चौथी बार जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप खिताब जीता था और तब मौजूदा कप्तान आमिर अली और उपकप्तान रोहित भी टीम का हिस्सा थे और इस बार भी टीम को फिर खिताब जिताने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। भारत की जूनियर टीम बुधवार को थाईलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करने के बाद 28 नवंबर का जापान, 30 नवंबर को चीनी ताइपे और अपने आखिरी ्पूल मैच में 1 दिसंबर को दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। भारत की जूनियर टीम को 3 दिसंबर को खेले जाने वाले सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए ग्रुप ए में शीर्ष दो रहना होगा। भारत की हुलनबुइन (चीन) में पुरुष एशियन चैंपियंस हॉकी खिताब जीतने वाली सीनियर टीम के लिए खेल चुके लंबे कद के ऑलराउंडर- स्ट्राइकर अरिजित सिंह हुंडल और गुरजोत सिंह पर भारत की जूनियर टीम के लिए गोल करने और पेनल्टी कॉर्नर दिलाने की जिम्मेदारी रहेगी। मजबूत रक्षापंक्ति और तेज तर्रार अग्रिम पंक्ति भारत की जूनियर टीम की बडी ताकत है। भारत की रक्षापंक्ति खुद कप्तान आमिर अली, रोहित और शारदा नंद तिवारी की मौजूदगी में खासी मजबूत नजर आती है। भारत की जूनियर टीम के कप्तान फुलबैक आमिर अली ने कहा, 'हम जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप 2024 में अपने अभियान के लिए पूरी तरह तैयार है। हमारी जूनियर टीम कड़ी मेहनत कर रही है और हमें अपनी क्षमता और जूनियर पुरुष हॉकी एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन करने का पूरा भरोसा है।'



■ मजबूत रक्षापंक्ति और तेज तर्रार अग्रिम पंक्ति है भारत की जूनियर टीम की बडी ताकत

वहीं भारत की जूनियर हॉकी टीम के उपकप्तान फुलबैक और ड्रैग फ्लिकर रोहित ने अपने कप्तान आमिर अली की राय से इत्तफाक जाते हुए कहा, 'सुलतानऑज जोहेर कप 2024 में तीसरा स्थान पाने से हमें लय औ आत्मविश्वास मिला है।

# गुकेश ने दूसरी बाजी ड्रॉ कराई

**सिंगापुर,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय चैलेंजर गुकेश डोमराजू ने मंगलवार को यहां सैंटोसा रिसॉर्ट्स में विश्व चैंपियनशिप 2024 के अपने मुकाबले की दूसरी बाजी में चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को ड्रा पर रोक दिया, इस 14 गेम के मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद उन्होंने अपना खाता खोला। 18 साल की उम्र में खिताब जीतने और सबसे कम उम्र के विश्व चैंपियन बनने के प्रबल दावेदार माने जा रहे गुकेश को सोमवार को पहले गेम में करारी हार का सामना करना पड़ा था। इसलिए, काले मोहरों के साथ डिंग को ड्रॉ पर रोकना उनके आत्मविश्वास के लिए अच्छा रहा। दूसरे गेम में, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने पहले दिन की अपनी घबराहट को शांत किया। मंगलवार को, भारतीय किशोर विश्व चैंपियन द्वारा किए गए एक आश्चर्यजनक हमले से बच गए, जिन्होंने किंग पॉन ओपनिंग में शायद ही कभी खेली जाने वाली लाइन चुनी, लेकिन चालों की तीन गुना पुनरावृत्ति के माध्यम से खेल को बराबरी पर लाने के लिए स्थिति को बेअसर कर दिया। मैच 23 चालों में समाप्त हुआ। सफेद मोहरों के साथ खेलने वाले डिंग को लगा कि वे कुछ लाइनों से चूक गए, जो उन्हें बड़ा लाभ दे सकती थीं, जबकि गुकेश ने कहा कि वे मौजूदा विश्व चैंपियन द्वारा चुने गए शुरुआती गठन से बहुत आश्चर्यचकित नहीं थे और हालांकि सफेद को थोड़ा फायदा था, लेकिन अगर वे सही तरीके से खेलते तो काला बच सकता था। यह एक तनावपूर्ण मामला था क्योंकि दोनों खिलाड़ियों ने हर चाल पर बहुत सोच-विचार किया। भारतीय खिलाड़ी ने कोई जोखिम नहीं लेने का फैसला किया और अपने मोहरों को केंद्रीकृत किया, जिससे डिंग लिरेन को जीत के लिए दबाव बनाने और इस प्रक्रिया में गलतियां करने पर मजबूर होना पड़ा। हालांकि, चीनी जीएम जो अपने प्रतिद्वंद्वी से 14 साल बड़े हैं, ने खुद को ज़्यादा थका नहीं और समय की कमी से बचा लिया और गुकेश से हाथ मिलाकर खुशी-खुशी अंक साझा किया। चीनी जीएम अब डेढ़ अंक के साथ 14 गेम के मुकाबले में आगे चल रहे हैं, जबकि गुकेश के पास आधा अंक है।



**विश्व शतरंज चैंपियनशिप**

## एडिलेड टेस्ट के लिए मिचेल मार्श की गेंदबाजी क्षमता पर संदेह

**पर्थ,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भारत के खिलाफ 295 रनों की हार के बाद एडिलेड में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया है, लेकिन ऑलराउंडर मिचेल मार्श की गेंदबाजी करने की क्षमता पर संदेह है। सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच 6 दिसंबर से एडिलेड ओवल में शुरू हो रहा है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला के पहले मैच में हार के बाद, कप्तान पैट कमिंस ने खुलासा किया कि मार्श इस साल ब्रिटेन के सीमित ओवरों के दौरे से जुड़ी परेशानियों से जूझ रहे थे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने मैकडोनाल्ड के हवाले से कहा कि एडिलेड टेस्ट के लिए चेंजरूम में वही लोग होंगे जो पर्थ में थे। दुनिया में कहीं भी जाओ, परिस्थितियों के हिसाब से खिलाड़ियों को चुनते समय बदलाव करना हमेशा हमारी योजनाओं में शामिल होता है। जब उनसे पूछा गया कि भारत की दो पारियों में कुल 17 ओवर (3-77) फेंकने के बाद मार्श ने कैसा प्रदर्शन किया है।

# पहले टेस्ट में बांगलादेश हार की कगार पर

**एंटीगुआ,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। केमर रोच, जेडन सील्स (तीन-तीन) की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बंगलादेश की दूसरी पारी 109 रन पर सात विकेट झटक कर उसे हार की कगार पर पहुंचा दिया। वेस्टइंडीज जीत से महज तीन विकेट दूर है। वहीं पांचवें दिन बंगलादेश को 225 रन बनाने असंभव सा दिख रहा है। दूसरी पारी में बंगलादेश की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। पहले ही ओवर में केमर रोच ने जाकिर हसन (शून्य) को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद चौथे ओवर में जेडन सील्स ने महमूदुल हसन जॉय (छह) को आउटकर बंगलादेश को दूसरा झटका दिया। शहादत हुसैन (चार), मोमिनुल हक (11) रन पर आउट हुये। इसके बाद लिटन दास और कप्तान मेहदी हसन मिराज ने पारी संभालने का प्रयास किया। शमार जोसफ ने लिटन दास (22) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। जेडन सील्स ने मेहदी हसन मिराज (45) को आउट कर बंगलादेश को बड़ा झटका दिया। तैजुल इस्लाम (चार) रन सातवें विकेट के रूप में आउट हुये। चौथे दिन का खेल समाप्त होने के समय बंगलादेश ने 31 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 109 रन बना लिये है और उसे जीत के लिए अभी 225 रनों की जरुरत है। जाकिर अली (15) और हसन महमूद (शन्यू) पर क्रीज पर मौजूद हैं।

■ वेस्टइंडीज दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त लेने से सिर्फ तीन विकेट दूर



## सार संक्षेप

### यूपी की मानसी सिंह महिला एकल के मुख्य ड्रॉ में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेंश की प्रतिभाशाली शटलर मानसी सिंह ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में दमदार प्रदर्शन के साथ महिला एकल के मुख्य ड्रा मे जगह बना ली। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 2,10,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में क्वालीफायर मुकाबले खेले गए। मानसी सिंह ने क्वालीफायर में भारत की ही प्रशंसा बोनम को तीन गेम तक चले मैच में 21-11, 22-24, 21-12 से हराया। मानसी सिंह का अब महिला एकल के मुख्य ड्रा के पहले दौर में थाईलेंड की चौथी वरीय पोर्नपिचा चोइइकेवोंग से मुकाबला होगा। मानसी सिंह ने इस जीत के बाद खुशी जताते हुए कहा कि अपने घरेलू कोर्ट मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करुंगी।

### संतोष ट्रॉफीः दिल्ली, उत्तराखंड ने दर्ज की शानदार जीत

**अमृतसर।** दिल्ली ने बीबी रत्नी स्पोर्ट्स स्टेडियम में मंगलवार को संतोष ट्रॉफी के लिए 78वीं राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप बी क्वालीफायर के पहले मैच में चंडीगढ़ को एकतरफा मुकाबले में 6-0 से रौंद दिया। दिल्ली ने पूर्ण प्रभुत्व के साथ पूरे अंक हासिल किए। शुरुआत में ही आशीष शॉ ने तीसरे मिनट में दिल्ली के लिए पहला गोल किया। जाजो प्रशान (43', 87') ने विजेताओं के लिए दो गोल किए, जिससे हाफ टाइम तक टीम 2-0 से आगे थी। दूसरे हाफ की शुरुआत 49वें मिनट में दिल्ली के सोनम त्सावांग लोखम द्वारा फ्रीकिक पर गोल से हुई, जिसके बाद 58वें मिनट में ऋषभ डोबरियाल ने अपना खाता खोला और स्कोरर की सूची में अपना नाम दर्ज कराया। चंडीगढ़ की परेशानी को और बढ़ाते हुए डिफेंडर गुरविंदर सिंह ने 69वें मिनट में खुद का गोल कर दिया, जिससे हार का अंतर और बढ़ गया।

### गोल्फ : टाइगर ने हीरो वर्ल्ड चैलेंज से खुद को बाहर कर लिया

**नई दिल्ली।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स ने घोषणा की है कि वह इस दिसंबर में हीरो वर्ल्ड चैलेंज में नहीं खेलेंगे, क्योंकि वह पीठ की सर्जरी से उबर रहे हैं। 15 बार के प्रमुख विजेता बहमास में वार्षिक टूर स्टॉप की मेजबानी करते हैं, लेकिन पिछले तीन वर्षों में उन्होंने केवल एक बार ही इस इवेंट में भाग लिया है, क्योंकि वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। वुड्स ने सितंबर में छठी बार अपनी पीठ की सर्जरी करवाई थी, जिसका उद्देश्य 2024 सीज़न के दौरान पीठ की ऐंठन और दर्द को कम करना था। वुड्स ने एक्स पर लिखा कि मुझे निराशा है कि मैं इस साल हीरो वर्ल्ड चैलेंज में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाऊंगा, लेकिन टूर्नामेंट की मेज़बानी करने और हीरोमोटोकॉर्प के साथ सप्ताह बिताने के लिए हमेशा उत्सुक रहता हूं।

## सईम अयूब का नाबाद शतक, पाकिस्तानी ने जिम्बाब्वे को 10 विकेट से हराया

**बुलावायो,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। अबरार अहमद (चार विकेट) और आगा सलमान (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद सईम अयूब (नाबाद



113) और अब्दुल्ला शफीक (नाबाद 32) की आतिशी पारियों की बदौलत पाकिस्तान ने मंगलवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-1 की बराबरी कर ली हैं। 146 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान के लिए सलामी बल्लेबाज सईम अयूब आतिशी तथा अब्दुल्ला शफीक धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा किया। सईम अयूब ने 62 गेंदों में 17 चौके और तीन छक्के लगाते हुये तूफानी अंदाज में (नाबाद 113) रनों की पारी खेली। वहीं अब्दुल्ला शफीक ने 48 गेंदों में चार चौकों की मदद से (नाबाद 32) रन बनाये। पाकिस्तान ने 18.2 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 148 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। जिम्बाब्वे की शुरुआत खराब रही और उसने 23 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये। जॉयलोर्ड गम्बी (पांच) और टी मारुमनी (चार) रन बनाकर आउट हुये। डायोन मायर्स और कप्तान क्रेग एर्विन ने पारी संभालने का प्रयास किया। 13वें ओवर में आगा सलमान ने क्रेग एर्विन (18) को आउट कर जिम्बाब्वे को तीसरा झटका दिया। डायोन मायर्स ने टीम के लिये सर्वाधिक (33) रन बनाए।

# एडिलेड में दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई नहीं होगा बड़ा बदलाव : मैकडोनाल्ड

**एडिलेड,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। पर्थ टेस्ट में भारत के हाथों मिली करारी हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया जा रहा है। पहले टेस्ट मैच में हार के बाद मैकडोनाल्ड ने कहा कि एडिलेड के चेंजरूम में वही खिलाड़ी होंगे। उन्होंने कहा कि आप दुनिया में कहीं भी जाएं परिस्थितियों के हिसाब से हमेशा खिलाड़ियों को चुनने पर विचार किया जाता है। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार पर्थ में खेली गई एकादश के अलावा ऑस्ट्रेलिया की टीम में विकेटकीपर और बैक-अप बल्लेबाज जॉश इंग्लिस और तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड को दूसरे टेस्ट के लिए चुना जा सकता है। मैकडोनाल्ड ने स्वीकार किया कि नंबर तीन बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन फॉर्म में नहीं हे जो कुछ चिंता का विषय है, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई कोच को भरोसा है कि दाएं हाथ का यह खिलाड़ी जल्दी ही लय में आयेगा और वह स्थिति बदल सकता है। मैकडोनाल्ड ने आगे ऐसी किसी भी संभावना से इंकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट सितारे भारत के खिलाफ 6 दिसंबर को एडिलेड ओवल में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से पहले घरेलू क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में खेल रहे खिलाड़ियों की एडिलेड में वापसी की संभावना से इंकार करते हुए कहा कि हमारे दिमाग में यह बात नहीं आई है। उन्होंने मार्श के प्रदर्शन को लेकर कहा कि हम ऑलराउंडर की गेंदबाजी से संतुष्ट हैं।



आप दुनिया में कहीं भी जाएं परिस्थितियों के हिसाब से हमेशा खिलाड़ियों को चुनने पर विचार किया जाता है : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

## बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी, ध्रुव व तनीषा मिश्रित युगल के प्री क्वार्टर फाइनल में

**लखनऊ,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत के बी.सुमित रेड्डी व सिकी रेड्डी की शीर्ष वरीय भारतीय जोड़ी ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में मिश्रित युगल में शानदार जीत से अपना अभियान शुरू करते हुए प्री क्वार्टर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया। योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में मंगलवार को पहले दिन मुख्य ड्रा में मिश्रित युगल के पहले दौर के मुकाबले खेले गए। चैंपियनशिप में बुधवार को मुख्य ड्रा के अन्य वर्गो के मुकाबलों की शुरुआत होगी। आज खेले गए मिश्रित युगल के मुकाबलों में भारत के पांचवी वरीय ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो, सातवीं वरीय रोहन कपूर व रूत्विका शिवानी गड्डे ने भी अंतिम 16 में जगह बना ली। पहले दौर में भारत की आठवीं वरीय असिथ सूर्या व अमृता पी.की जोड़ी को उलटफेर का सामना करना पड़ा।

# फिक्की 14वें वैश्विक खेल शिखर सम्मेलन में खेल संगठनों और इससे जुड़े व्यक्तियों को करेगा सम्मानित

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) शनिवार को होने वाले 14वें खेल शिखर सम्मेलन 'टर्फ 2024' की मेजबानी करने जा रहा है और खेलों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संगठनों और इससे संबंधित व्यक्तियों को सम्मानित करेगा।

■ शिखर सम्मेलन का समापन भारत खेल पुरस्कार 2024 के साथ होगा

यह शिखर सम्मेलन 30 नवंबर को वर्ष 2036 तक भारत को खेलों में मजबूत बनाने के विजन के तहत फिक्की मुख्यालय में आयोजित किया जायेगा। यह शिखर सम्मेलन 'विजन 2036: भारत को एक खेल पावरहाउस बनाना' की व्यापक थीम के साथ, 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने के भारत के साहसिक प्रयास पर प्रकाश डालेगा और वैश्विक खेल नेतृत्व के रूप में देश के विकास के लिए खाका तैयार करेगा। एक दिवसीय कार्यक्रम में खेल उद्योग से जुड़े प्रमुख लोग शामिल होंगे, जिसमें नीति निर्माता, कॉरपोरेट, एथलीट और वैश्विक विशेषज्ञ शामिल होंगे। इस दौरान जमीनी स्तर पर खेल विकास, खेल निर्माण में नवाचार, खेलों में महिलाओं की भूमिका और भारत में खेल लीगों के विकसित होते पारिस्थितिकी तंत्र जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। शिखर सम्मेलन का समापन भारत खेल पुरस्कार 2024 के साथ होगा, जिसमें व्यक्तियों और संगठनों को भारतीय खेलों में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा। इस वर्ष के पुरस्कारों का निर्णय प्रो कबड्डी लीग के निदेशक चारू शर्मा की अध्यक्षता में एक प्रतिष्ठित जूरी द्वारा किया जाएगा और इसमें प्रमुख खेल हस्तियां और उद्योग जगत के नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम के बारे में फिक्की स्पोर्ट्स कमेटी के अध्यक्ष एवं जीएमआर स्पोर्ट्स के अध्यक्ष पी.के.एस.वी. सागर ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह रोमांचक समय और एक खेल क्रांति हो रही है। टर्फ 2024 भारत के वैश्विक खेल गंतव्य बनने के दृष्टिकोण, चुनौतियों और अपार संभावनाओं पर चर्चा करने के लिए एक अनूठा मंच है। यह शिखर सम्मेलन केवल विचारों के बारे में नहीं है, यह हमारे मजबूत खेल पारिस्थितिकी तंत्र को और मजबूत करने के लिए उद्योग के नेताओं, एथलीटों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर भारत के खेल सपनों को वास्तविकता में बदलने के बारे में है।



## अंतिम समय में मंजीत के ऑलराउंड प्रदर्शन से यू मुंबा ने बेंगलुरू बुल्स को हराया

**नोएडा,** 25 नवम्बर (एजेंसियां)। नोएडा इंडोर स्टेडियम में सोमवार को रिवेंज वीक के तहत खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 76वें मैच में अंतिम 10 मिनट तक बेंगलुरू बुल्स जीत की स्थिति में दिख रहे थे लेकिन फिर मंजीत ने डिफेंस और फिर रेड में अंक लेकर मैच की तस्वीर बदल दी और फंसी हुई बाजी यू मुंबा के नाम कर दी। मुंबा ने यह मैच 34-32 के स्कोर से जीता और अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

बुल्स की तारीफ करनी होगी क्योंकि 30 मिनट तक 11 अंकों से पिछड़ रही इस टीम ने 36वें मिनट तक जाते-जाते स्कोर बराबर कर लिया और फिर लीड भी ले ली लेकिन किस्मत ने उसका साथ नहीं दिया और अंतिम रेड पर डिफेंस की गलती के कारण मैच उसके हाथ से निकल गया। इस मैच को अगर आंकड़ों के लिहाज से देखा जाए तो दोनों टीमें रेडिंग में 16-16 और डिफेंस में 12-12 अंक के साथ बराबरी पर रहीं। मुंबा ने अच्छी शुरुआत करते हुए शुरुआती तीन मिनट में ही 5-1 की लीड के साथ बुल्स को सुपर टैकल सिचुएशन में डाल दिया। सुशील ने हालांकि रिंकू को आउट कर उसे इस स्थिति से निकाला लेकिन अजीत ने नितिन को आउट कर फिर वही स्थिति बहाल कर दी। बुल्स ने हालांकि



साहस दिखाते हुए न सिर्फ खुद को फिर इस स्थिति से निकाल लिया बल्कि स्कोर भी 5-7 कर दिया। शुरुआती 10 मिनट में मुंबा 8-6 से आगे थे। ब्रेक के बाद रिंकू ने सुशील को आउट कर मुंबा को 3 अंक की लीड दिला दी। 10-6 के स्कोर पर बुल्स के लिए फिर से सुपर टैकल आन था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सकी और आलआउट होकर 6-15 से पीछे हो गई। इसके बाद हालांकि दोनों टीमों को तीन-तीन अंक मिले और फासला 9 का बना रहा।

## सार समाचार

### यातायात पुलिस ने रेडियम लगाई व चालानी कार्रवाई की



**सिरोंज, देशबन्धु।** सूबेदार रितेश वाघेला यातायात प्रभारी द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर आज शहर की अनाज मंडी में ट्रैक्टर ट्रॉली पर रेडियम लगवाए तथा किसानों और ट्रॉली बनाने वाले दुकानदार को भी बताया गया कि ट्रॉली पर पीछे साइड में रेडियम अवश्य लगाए जिससे की रात्रि के समय ट्रैक्टर ट्रॉली अंधेरे में दूर से दिख सके और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। साथ ही वाहन चैकिंग के दौरान सीट बेल्ट ना लगाना, हेलमेट न पहनना, तीन सवारी, बिना नंबर वाहन होने पर चालानी कार्रवाई की गई। वाहन चालकों को भी बताया गया कि वाहन में वाहन संबंधी कागजात पूर्ण रखे, बस में इमर्जेंसी खिड़की, मेडिकल बॉक्स, अग्निशमन यंत्र ठीक हो, सवारी वाहन क्षमता से अधिक सवारी न बैठाए, तेज गति से वाहन न चलाए। वाहन चैकिंग के दौरान पीओएस मशीन द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई कर 11 चालान पर 4900 रुपएका जुर्माना किया गया। सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर हिदायत दी गई की सभी यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटना से बचे।

### गौशाला को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए चल रहा कार्य

**सिरोंज, देशबन्धु।** शहर के आरोन रोड स्थित संत सुधासागर गौशाला की दीवारों को सुंदर बनाने के लिए चित्रकला का कार्य चल रहा है। जिसमें शहर के बच्चे उत्साह के साथ अपनी चित्रकारी का प्रदर्शन गौशाला की दीवारों पर कर रहे हैं। गौशाला के सदस्य संवेग जैन ने बताया कि हमारे द्वारा नवंबर माह के प्रथम रविवार से यह कार्य करने का मैसेज व्हाट्सएप ग्रुपों द्वारा शहर के नागरिकों को गौशाला में आमंत्रित किया था। यह कार्य निरंतर तीन रविवार से गौशाला परिसर में चल रहा है जिसमें शहर के बेटे-बेटियां अपने कलाकारी का प्रदर्शन गौशाला की दीवारों को सुंदर बनाने में कर रहे हैं।

### हफीज खान मुस्लिम त्यौहार कमेटी गंज बासौदा के नगर अध्यक्ष नियुक्त



**विदिशा, देशबन्धु।** ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी के जिला अध्यक्ष सोहेल अहमद बबलू ने मंगलवार को हफीज खान (राजा भाई) को ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी का गंज बासौदा का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर सोहेल अहमद बबलू ने कहा कि हफीज राजा ख़ान की सेवा भावना और समर्पण को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है। हफीज राजा खान को नगर अध्यक्ष बनने पर चौधरी मुशाहिद अली मुश्शी, चौधरी परवेज अहमद, परवेज खान, एड काशिफ सलीम, मोहम्मद उमर खान बासौदा, सलमान आफरीदी, बन्नू पठान, नवाज चौधरी, अयाज चौधरी, गुफरान खान सीहोद, इलियास खान कल्लू भाई, टीपू पठान, तौफीक इस्माइल अली, जैद अहमद आदि ने बधाई दी है।

# पुलिस की मौजूदगी में अवैध कॉलोनियों पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## कलेक्टर के निर्देश पर करैयाखेड़ा रोड स्थित तीन कॉलोनियों पर कार्रवाई





**विदिशा, देशबन्धु।** मंगलवार को कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध कॉलोनियों की जांच पड़ताल करने वाली टीम द्वारा करैयाखेड़ा रोड स्थित तीन कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान तहसीलदार अमित सिंह राजस्व पटवारी नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। मंगलवार को करैयाखेड़ा रोड स्थित कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अमला अवैध कॉलोनियों को देखने पहुंचे। इस दौरान करैयाखेड़ा रोड के पास स्थित तीन कॉलोनियों पर प्रशासन का बुलडोजर चलाया गया। कॉलोनियों की सड़कों को जेसीबी की मदद से उखाड़ा गया और और एक कॉलोनी की बाउंड्रीवॉल को जेसीबी की मदद से गिराया गया। शहरी तहसीलदार डॉक्टर अमित सिंह ने बताया कि अवैध कॉलोनी को लेकर पिछले लंबे समय से जांच पड़ताल की जा रही थी। साथ ही अवैध कॉलोनाइजर को नोटिस भी दिए गए थे। इसके बाद भी कॉलोनाइजरों द्वारा प्लांट का विक्रय किया जा रहा था और कॉलोनी को कवर्ड करने के लिए बाउंड्रीवॉल बनकर तैयार कर दी गई थी। मंगलवार को कार्रवाई करते हुए जेसीबी की मदद से कॉलोनी को कवर करने के लिए बनाई गई बाउंड्रीवॉल को तोड़ा गया और दो कॉलोनी में जेसीबी की मदद से सड़कों को हटाया गया। इस दौरान उनके साथ नगर पालिका अमला और पुलिस बल भी मौजूद था। उन्होंने बताया कि इस दौरान करैयाखेड़ा रोड स्थित भूमि सर्वे क्रमांक 440/3/2 पर कुंजबिहारी धाम एवं 469/1/1/1 पर अनंत विहार अवैद्य कॉलोनी के निर्माण पर कार्यवाही की गई एवं शासकीय चरनोई भूमि सर्वे क्रमांक 439/1 पर रोड डालकर अतिक्रमण किया गया था। उसको भी आज कार्यवाही कर अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसका बाजार मूल्य लगभग 64 लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि आगे भी इसी प्रकार की कार्रवाई अवैध कॉलोनी पर होती रहेंगी।

### संविधान दिवस पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## संविधान हम सब का प्रथम मार्गदर्शक : न्यायाधीश



**गंजबासौदा देशबन्धु।** तहसील विधिक सेवा समिति एवं नेहरू युवा केन्द्र विदिशा के संयुक्त तत्वाधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय त्योंदा में कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । आयोजन में रुद्राक्ष ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी द्वारा सहभागिता की गई। कार्यक्रम व्यवहार न्यायाधीश सुश्री शिवानी राठौर कनिष्ठ खंड गंज बासौदा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को संविधान के उद्देशिका के वाचन, संविधान के मूल कर्तव्य ,मूलभूत अधिकारों, शिक्षा का अधिकार, शिक्षा का महत्व, बाल श्रम निषेध अधिनियम, साइबर अपराध, राज्य के नीति निर्देशक तत्व, संविधान लागू होने के बाद अब तक हुए बदलाव,संवैधानिक संशोधनों से बढ़ती संविधान की प्रासंगिकता आदि विभिन्न विषयों के बारे में बच्चों को अवगत कराया। अतिरिक्त दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां , निशुल्क विधिक सहायता के बारे में छात्रों को अवगत किया। नेहरू युवा केन्द्र द्वारा प्रश्नोत्तरी व पत्र लेखन में उत्कर्ष प्रदर्शन करने वालो को प्रस्थिति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में देश अपनाए सहयोग फॉउंडेशन से अविनाश सोनी, पीएलव्ही देवेंद्र साहू ,पीएलव्ही आकर्ष अग्रवाल, अधिवक्ता सत्यम शर्मा, अधिवक्ता प्रसांत दांगी, प्राचार्य योगेश चतुर्वेदी, श्रीराम अहिरवार, सुरेश दुबे, शिक्षक गण, देवेंद्र दिवाकर, मनीष देशपांडे, रानू विश्वकर्मा, मनमोहन शर्मा , शिक्षक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान न्यायधीश ने छात्रों के विभिन्न प्रश्नों के उत्तर देते हुए उनका मार्गदर्शन किया।

## जमीन विवाद में रास्ता रोककर हथियारों से हमला, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**विदिशा, देशबन्धु।** मंगलवार को नटेरन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कालू आमखेड़ा में जमीन विवाद को लेकर परिवार में विवाद चल आ रहा था, इसी के चलते कुछ लोगों ने रास्ते में रोककर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें तीन लोगों को बुरी तरह घायल होने के चलते जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। मंगलवार को जिला अस्पताल में भर्ती कालू आमखेड़ा के घायल एसपी कार्यालय पहुंचे और आरोपियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उनके परिजन पर्वत सिंह धाकड़ ने बताया कि उद्देश्य आदिवासी, संतोष धाकड़, सोनू धाकड़ मोटरसाइकिल से अपने गांव आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम वर्धा के पास आरोपी प्रकाश धाकड़, राजमोहन, भैयालाल, करोड़ीलाल धाकड़ सहित अन्य आरोपियों ने रोककर तीनों के साथ लाठी डंडा और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिसमें उद्देश्य आदिवासी के हाथ में चाकू लगा है और संतोष धाकड़, सोनू धाकड़ के हाथ पैरों में फैक्चर सहित गंभीर चोटे आई हैं। इस मामले की शिकायत नटेरन थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन थाना प्रभारी द्वारा घायल उद्देश्य आदिवासी के साथ हुई मारपीट में एससी, एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि आज इन तीनों लोगों को लेकर एसपी कार्यालय आए हैं, यहां पर उन्हें आवेदन देकर आरोपियों पर एससी एसटी एक्ट के तहत कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने कहा कि परिवार में जमीन विवाद को लेकर पिछले कई दिनों से कहासुनी होती चली आ रही थी, लेकिन कल आरोपियों ने तीनों लोगों को अकेला पाकर योजना बनाकर घात लगाए हुए बैठे थे और जैसे ही उद्देश्य आदिवासी, संतोष और सोनू वहां से निकले तो इन पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उन्होंने एसपी से आरोपियों पर कठोर कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार करने की मांग की है। इसी दौरान घायलों की सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे घायलों के पास पहुंचे और उनका आवेदन लेकर मामले की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने कहा कि इस घटना में जो भी आरोपी शामिल है, उन्हें बक्सा नहीं जाएगा और नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## महिला पर गर्म चटनी फेंकने के मामले में एसपी से फिर लगाई गुहार

**विदिशा, देशबन्धु।** पिछले दिनों पथरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मधुपुर में रहने वाली एक महिला के ऊपर उसके पति द्वारा गर्म चटनी डाल दी गई थी। जिससे वह बुरी तरह झुलस गई। वहीं इसी चटनी से एक साल का बेटा भी बुरी तरह झुलस गया है। इतना सब होने के बाद भी इस पूरे मामले को महिला के पति द्वारा छुपाने का प्रयास किया गया। महिला के भाई गुना जिले के आरोन निवासी महेंद्र को जब इस बारे में मालूम चला तो वह अपनी बहन को लेकर पहले सिरोंज और बाद में विदिशा मेडिकल कॉलेज रेफर कराकर भर्ती कराने पहुंचे। उन्होंने कहा कि इतना समय बीतने के बाद भी पुलिस द्वारा उनके बहनोई पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिसके चलते उन्होंने एक बार फिर एसपी कार्यालय में गुहार लगाई है। उनके साथ उनकी बहन और भांजा भी मौजूद था। उन्होंने जल्द से जल्द इस मामले में उचित कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

### नेत्र शिविर में ऑपरेशन करने वालों को दी निःशुल्क दवाईयां



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ के कुशल नेत्र विशेषज्ञ डॉ. हरिप्रसाद कैंप सहयोगी रविंद्र रघुवंशी एवं गंजबासौदा सेंटर इंचार्ज नीतू श्रीवास्तव द्वारा 18 तारीक को हुए मरीजों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन पश्चात 26 नवंबर मंगलवार को प्रथम फॉलो अप शिविर आयोजित किया गया जिसमें 91 मरीजों में से 71 मरीजों की पुनः जांच कर निःशुल्क दवाइयां दी गई एवं आंखों के रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष कांतिभाई शाह, समिति सचिव सुरेश तनवानी ,महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राम गोपाल गुप्ता, प्रकाश माहेश्वरी, पूर्व सैनिक महेंद्र सिंह ठाकुर सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाया संविधान दिवस

**विदिशा, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार की सुबह 11.30 बजे बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सभी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता के साथ संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कांग्रेस पार्टी हमेशा संविधान को मानती है और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा संकल्पित है। कांग्रेस पार्टी का हर कार्यकर्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखे गए संविधान की रक्षा करेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार संविधान की नहीं मानती। मोहित रघुवंशी ने बताया हम हम भारत के संविधान को मानते हैं और उनमें लिखी हुई बातों को गांव-गांव पंचायत स्तर तक पहुंचाएंगे, जिससे हर नागरिक को संविधान के बारे में पता चले। उन्होंने कहा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे और मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर 75वां संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी कांग्रेस नेताओं ने बाबा भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही।

इस अवसर रणधीर सिंह ठाकुर, सुरेश बाबू पाठक, प्रियंका किरार, नवनीत कुशवाहा, गोविंद राजपूत, राजकुमार पासी, जिला कांग्रेस प्रवक्ता अरुण अवस्थी, गोविंद भार्गव, राम राज दंगी, मनोज खीची, ब्रजेंद्र वर्मा, रजनीश व्यास, विनीत दांगी कोमल जाटव, जावेद मंसूरी, शैलेंद्र रघुवंशी, मनोज साहू, राहुल रघुवंशी, थान सिंह कुशवाह, खिलान सिंह, अमित चौहान आदि मौजूद रहे।

# डंपर की टक्कर से 2 गायों की मौत, 2 घायल

### शिवसेना कार्यकर्ताओं ने घायल 2 गायों को इलाज के लिए कराया अस्पताल में भर्ती



**विदिशा, देशबन्धु।** मंगलवार को विदिशा से जम्बार बागरी जाने वाले रोड पर ग्राम घाट पिपरिया के पास एक तेज रफ्तार डंपर ने चार गायों को टक्कर मार दी। जिसमें दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल गायों को इलाज के लिए पशु चिकित्सालय अस्पताल भेजा गया। वहीं डंपर चालक मौके से डंपर को लेकर फरार हो गया।

मंगलवार को विदिशा से जम्बार बागरी जाने वाले रोड पर घाट पिपरिया के पास एक डंपर चालक ने डंपर तेज गति से चलाते हुए चार गायों को टक्कर मार दी। मौके से डंपर चालक फरार हो गया। एकनाथ शिंदे शिवसेना के जिला संयोजक राहुल जोशी ने बताया कि घाट पिपरिया के पास डंपर ने चार गायों को टक्कर मार दी थी। जिसकी सूचना उन्हें ग्रामीणों द्वारा दी गई। जिस पर वह मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि इस टक्कर में दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई और दो घायल गायों को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि डंपर इतनी तेज गति से आ रहा था कि गायों को हटाने का मौका भी नहीं मिला और डंपर चालक उन्हें रौंदता हुआ मौके से भाग गया। इस दौरान ग्रामीणों की मदद से गायों को सड़क से हटाया गया और घायल गायों को लेकर पशु चिकित्सालय उपचार के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि आए दिन गौ माता के साथ घटनाएं हो रही हैं लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। जिन दो गायों की मौत हुई है वह गाय मलखान सिंह ठाकुर और यादराम पाल बागड़ी की थी। घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने तुरंत ही इस मामले की जानकारी जिला प्रशासन को दी और आरोपी डंपर चालक पर कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान उनके साथ नीलेश लोधी, सोनू अहिरवार, टिक्की ठाकुर, राधे ठाकुर, राजेंद्र अहिरवार, आकाश ठाकुर, नरेंद्र पाल गायों को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय भिजवाने में मदद की।

## दिव्यांश होंगे राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शामिल



**सिरोंज, देशबन्धु।** 38वी राष्ट्रीय सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप पंचकूला हरियाणा में 28 नवंबर से ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ़ इंडिया द्वारा आयोजित की जा रही है, जिसमें मध्य प्रदेश की टीम में शामिल दिव्यांश पाल वजन वर्ग अंडर 29 किलोग्राम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। आज दिव्यांश पाल भोपाल के लिए दोपहर 3 बजे बस स्टैंड सिरोंज से रवाना हुए इसके बाद भोपाल से पंचकूला हरियाणा के लिए मध्य प्रदेश टीम के साथ रवाना होंगे। अभी नवंबर माह में 12 से 13 नवंबर को आयु थी 36वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में दिव्यांश पाल ने अपने वजन वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर मध्य प्रदेश टीम में अपनी जगह बनाई थी। इसी वजह से अब वह मध्य प्रदेश टीम की ओर से खेलते हुए राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में अपना प्रदर्शन करेंगे। उक्त जानकारी आदर्श ताइक्वांडो क्लब के कोच सरदार सिंह कुशवाह द्वारा दी गई। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के खिलाड़ी दिन प्रतिदिन हर वर्ष अपना प्रदर्शन अच्छा कर रहे हैं अभी हाल में ही 68वी राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में समर्थन दिनकर ने भी स्वर्ण पदक जीता था। समस्त सीनियर खिलाड़ियों ने दिव्यांश पाल को उक्त प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## महाविद्यालय में मनाया संविधान दिवस



**सिरोंज, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय लालबहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, एनसीसी, क्रीड़ा विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त प्रयास से संविधान दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता, परिचर्चा, मानव श्रृंखला का निर्माण, संविधान की प्रस्तावना का वाचन और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिव कुमार भार्गव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शिव कुमार भार्गव तथा प्राचार्य डॉ. लालचंद्र राजपूत, वरिष्ठ प्राध्यापक एसआर तिवारी, डॉ. आर के वाखला द्वारा विद्यादायिनी सरस्वती और डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और दीपप्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात अथितियों का स्वागत शॉल-श्रीफल से किया गया। संविधान पर परिचर्चा में प्रो. संघप्रिय गौतम ने संविधान के बारे में बताया कि संविधान किसी भी राज्य का सर्वोच्च कानून नहीं होता है जिसमें राजनीतिक व्यवस्था और अधिकारों का वर्णन होता है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. भगवत सिंह पाल द्वारा वक्तव्य में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उदाहरण दे कर बताया कि यह संविधान द्वारा क्रांति का परिणाम है जिससे सभी को समान अधिकार प्राप्त हुए हैं। विश्व इतिहास और विश्व राजनीति में भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने के लिए संवैधानिक जड़ों की महती भूमिका रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लालचंद्र राजपूत ने कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर जैसा अध्ययन करना चाहिए क्योंकि विकास और परिवर्तन व्यवस्था में योगदान दे कर ही प्राप्त किए जा सकते है। कार्यक्रम के अतिथि शिव कुमार भार्गव द्वारा बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की प्रशंसा करते हुए बताया कि अधिकार हमें संविधान द्वारा प्रदान किए गए हैं परंतु उन्हें उपयोग में लाने के लिए जागरूक होने की आवश्यकता है।

## गंजबासौदा अभी नहीं बना जिला तो कभी नहीं बन पाएगा: भावसार

### अभियान समिति ने अशासकीय स्कूलों में शुरु किए प्रोत्साहन शिविर



**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शहर में गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए जोर शोर से मुहिम चल रही है। इस मुहिम में सामाजिक संगठनों के बाद अब शैक्षिक संस्थाओं को आगे लाने के लिए प्रयास शुरु किए जा रहे है। इसी क्रम में आंदोलन से जुड़े युवा नेता रोहित भावसार एवं मीडिया कम्प्यूटर संस्थान के संचालक कमलेश शर्मा ने स्थानीय सैण्ट एस.आर.एस. पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल पहुंच कर संस्था के युवा छात्रों एवं शिक्षक परिवार की बैठक ली और आगामी 4 दिसम्बर को जिला बनाने के आंदोलन में युवाओं को पूरे उत्साह से शामिल होने का आग्रह किया। इस अवसर पर रोहित भावसार ने कहा कि गंजबासौदा को जिला बनाने की मांग यदि अभी पूरी नहीं हुई तो फिर कभी पूरी नहीं होगी। आने वाली पीढ़ियों को भी जिले के कार्यों के लिए सिरोंज भागना पड़ेगा। साथ ही जिले से मिलने वाली सुविधाओं और विकास से हम हमेशा के लिए वंचित रह जाएंगे। याद करें तो गंजबासौदा को जो भी मिला है, वह संघर्ष से मिला है। किसी ने हमें आज तक विकास की कोई सुविधा प्रदान नहीं की है। अगर हमें पंजाब मेल ट्रेन भी रुकवाना पड़ी तो उसके लिए भी संघर्ष करना पड़ा था।

**4 दिसम्बर को युवा भरेंगे हुंकार:** 4 दिसंबर को शहर के युवाओं की एक विशाल रैली नए बस स्टैंड से एसडीएम कार्यालय तक निकाली जाएगी। जिसमें युवाओं की हुंकार प्रदेश शासन तक पहुंचेगी और गंजबासौदा को जिला बनाने के लिए मजबूर करेगी।

इस अवसर पर मीडिया कंप्यूटर के संचालक कमलेश शर्मा ने कहा कि एक-एक बच्चे का इस अभियान में योगदान है। वह घर जाकर अपने माता-पिता को बाध्य करें कि वे पत्र लिखकर या सामाजिक संगठनों के आंदोलन में भाग लेकर गंजबासौदा को जिला बनाने की मुहिम में सहयोग करें। संस्था के प्राचार्य उमेश चंद यादव ने आश्वस्त किया कि हमने शासकीय नियमों का पालन करते हुए इस अभियान में अपना संपूर्ण योगदान दिया हैं। बैठक का संचालन वरिष्ठ शिक्षक दिनकर कद्रे ने किया। शिक्षक परिवार ने गंजबासौदा का नागरिक होने के नाते अपना समर्थन जिला बनाने के अभियान को दिया।

## ताप्ती तीरे

### सार-समाचार

### एकादशी का व्रत करने वाले के शत्रु स्वयं ही नष्ट हो जाते हैं: पंडित दुबे

**बैतूल, देशबन्धु।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में मंगलवार को उत्पन्ना एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन कोसमी स्थित श्रीमती चंद्रकला साहू के निवास पर आयोजित किया गया। अनुष्ठान पूजन एवं कथा पंडित नरेंद्र दुबे ने कराया। एकादशी व्रत कथा सुनाते हुए



पंडित दुबे ने कहां की एकादशी का व्रत सबसे सर्वश्रेष्ठ व्रत माना गया है। एकादशी व्रत करने वाले मनुष्यों के शत्रुओं का स्वयं ही नाश हो जाता है। एकादशी का व्रत समस्त पादपो को नष्ट करने वाला और सिद्धि प्रदान करने वाला माना गया है। उत्तम मनुष्य को दोनों पक्षों की एकादशी को समान समझना चाहिए। पंडित नरेंद्र दुबे ने बताया कि जो मनुष्य एकादशी कथा को श्रवण व पठान करते हैं उनको अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य फल की प्राप्ति होती है। एकादशी व्रत अनुष्ठान समारोह के अवसर पर पंडित दुबे ने विधि विधान के साथ भगवान श्री कृष्ण का पंचामृत अभिषेक कराया प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### पंच पद के अंतिम दिन तक एक ही नाम निर्देशन जमा किया

**चिचोली, देशबन्धु।** ग्राम पंचायत कुसरना के वार्ड क्रमांक 18 मे पंच मृत्यु होने से रिक्त पंच पद पर हो रहे निर्वाचन मे नामनिर्देशन पत्र प्राप्त के अंतिम दिन



तक केवल एक ही नाम निर्देशन पत्र रामविलास पिता परसु मर्सकोले के द्वारा तहसीलदार कार्यालय चिचोली मे जमा किया गया।

प्रमिला मर्सकोले निवासी आलमगढ प्रस्तावक द्रारा वार्ड – 18 से प्रस्तावित रामविलास पिता परसू मर्सकोले के समर्थन में आज स्वयं भी अभ्यर्थी रामबिलास मर्सकोले के साथ उपस्थित होकर तहसील कार्यालय में नाम निर्देशन पत्र जमा किया। तहसीलदार एवं रिटर्निंग आफीसर अतुल श्रीवास्तव, सहायक रिटर्निंग आफीसर रमेश कजोडे, राजस्व निरीक्षक रमेश गायकवाड, पंचायत अधिकारी कज्जूलाल धुर्वे, निर्वाचन शाखा प्रभारी अजय कुमार मालवी, पंचायत सचिव लक्ष्मण मवासे, इरफान खान कम्प्यूटर आपरेटर सलमान खान की उपस्थिती मे नामांकन पत्र दाखिल किया गया। वार्ड क्रमांक 18 मे एक ही फॉर्म जमा होने से ऐसा माना जा रहा है की पंच पद पर रामविलास मर्सकोले ही निर्विरोध चुने जायेगे ।

### सेमीफाइनल में पहुंची पीपी लीजेंड

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन बैतूल के तत्वाधान में खेली जा रही स्व.बुधराव देशमुख और स्व.ठाकुर चंद्रचूड़ सिंह किलोदार स्मृति में स्मृति कप 2024 में मंगलवार को क्वार्टर फाइनल मैच सिवनी और पीपी लीजेंड के मध्य खेला गया।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अनिल दत्त दीक्षित, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ नितिन देशमुख ने बताया कि टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पीपी लीजेंड ने तेज शुरुआत की पर तीसरे ओवर में 52 रनों पर अक्षदीप टाटा का पहला विकेट गिरा, दूसरा विकेट 65 रनों पर वेदांत व्यास का गिरा



जिन्होंने 47 रन 9 चौके और एक छक्के की मदद से बनाए। वेदांत एमपीएल के खिलाड़ी रहे हैं। उसके बाद राहुल कोष्ठा ने नाबाद टूर्नामेंट का पहला शतक बनाया। इसके बाद सर्वाधिक रन राहुल जैक्सन ने 13 बालों पर 3 चौके और 3 छक्के के माध्यम से 32 रन बनाएं। जैक्सन उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी रहे हैं। 20 ओवर में पीपी लीजेंड ने छह विकेट के नुकसान पर 246 रन बनाएं। सिवनी की ओर से तरुण ने तीन देव रवि और रितेश ने एक-एक विकेट गिराए। रमन ठाकुर, शैलेश गुबरेले ने बताया 247 रनों का भारी भरकम लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिवनी की टीम तेजी से रन बनाने के प्रयास में लगातार विकेट गवाती रही और 104 रनों पर आउट हो गई। इस तरह पीपी लीजेंड 142 रनों से मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची। सिवनी की ओर से सर्वाधिक रन लव दुबे ने 32 तथा प्रणव ने 20 रन बनाए। इसके बाद रवि ने 18 तथा एक्स्ट्रा 11 रन बने। करण प्रजापति ने बताया कि मैच के मेन ऑफ द मैच पहला शतक वीर राहुल कोस्ठा। रहे सीनियर खिलाड़ी महेंद्र सिंह तोमर ने पुरस्कार दिया। संगठन के उपाध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने बताया कि बुधवार को डीसीए सीनियर और सिंसियर इटारसी के मध्य मैच खेला जाएगा।

# संविधान दिवस पर बौद्ध विहारों की सुरक्षा के लिए एकजुट हुए अनुयाई

## बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 को समाप्त करने की मांग

- **मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन**

**बैतूल, देशबन्धु।** संविधान दिवस के अवसर पर बौद्ध उपासकों ने बिहार के बोधगया स्थित महाबोधि महाविहार के संचालन से संबंधित 1949 के अधिनियम को निरस्त करने की मांग करते हुए अपर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

बौद्धों ने 1949 के अधिनियम को असंवैधानिक बताते हुए इसे समाप्त करने और मंदिर का प्रबंधन केवल बौद्ध धर्मावलंबियों को सौंपने की मांग की। ज्ञापन में अनुच्छेद 25, 26, और 29 का उल्लेख करते हुए बताया गया कि वर्तमान व्यवस्था बौद्धों को उनके धार्मिक स्थल के प्रशासन से वंचित करती है। अखिल भारतीय बौद्ध मंच ने ब्राह्मणवादी प्रभाव को समाप्त कर महाबोधि मंदिर के प्रबंधन की पवित्रता और सांस्कृतिक महत्व को सुरक्षित करने की अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में दीपांकर भंते, प्रज्ञा बुद्ध विहार भारत भारती से रामदास पाटिल, संदीप पाटिल अध्यक्ष दि बुद्धिस्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया जिला बैतूल, तुकाराम लोखंडे, भाऊराव भालेकर, बाबूराव




जोंजारे, शेषराव हुरमाड़े, हरिकिशन सरनेकर, मधु पाटिल, प्यारेलाल लोखंडे, डॉ. मनोज वरवड़े, महेंद्र खोबरागड़े, बंटी कुरैशी, , महेंद्र खोबरागड़े, नरेश भूमरकर, नामदेव नागले, कमलेश पंडोले, मधुकर पाटिल, दयाराम झरबड़े, संतोष वाघमारे, विशाल धुर्वे, संदीप सूर्यवंशी, रमा आई उत्थान समिति भीम नगर बडोरा, सम्यक बुद्ध विहार बडोरा से मीना पाटिल, मध्य प्रदेश विमस विहार समिति, न्यू चेतना वेलफेयर सोसाइटी, एस आर कापसे सहित अनेक बौद्ध अनुयाई शामिल थे।

**1949 अधिनियम पर आपत्ति**- बौद्ध उपासकों का कहना है कि वर्तमान प्रबंधन समिति में 9 सदस्यों में से केवल 4 बौद्ध होते हैं, जबकि बहुमत गैर-बौद्धों का है। यह बौद्ध धर्म के प्रति अन्याय और धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन है। यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में मान्यता प्राप्त इस मंदिर के प्रबंधन में बौद्ध समुदाय को शामिल न करना भारत की धार्मिक स्वतंत्रता और अल्पसंख्यक अधिकारों की प्रतिबद्धताओं को कमजोर करता है। अखिल भारतीय बौद्ध मंच ने 1949 अधिनियम को समाप्त कर एक स्वतंत्र बौद्ध प्रबंधन ट्रस्ट के गठन की मांग की है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि महाबोधि महाविहार बौद्ध मूल्यों और धार्मिक परंपराओं के अनुसार संचालित हो।

## सर्दी की वर्दी अभियान में ग्रामीणों को बांटे गर्म कपड़े



**बैतूल, देशबन्धु।** संविधान दिवस के अवसर पर समाजसेवी धीरज हिरानी के मार्गदर्शन में मां शारदा सहायता समिति द्वारा ताप्ती नदी के किनारे बसे ग्रामीण क्षेत्रों में सर्दी की वर्दी अभियान चलाया गया। संस्था के शैलेंद्र बिहारिया ने बताया कि ताप्ती नदी और पहाड़ों के कारण इन क्षेत्रों में अत्यधिक ठंड पड़ती है, जिससे निर्धन परिवारों को सर्दी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस अभियान के तहत ग्रामीणों को संविधान दिवस पर आधा सैकड़ा गर्म वस्त्र वितरित किए गए। विशेष रूप से नवजात बच्चों और बुजुर्गों के लिए ऊनी कपड़ों की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर संविधान के महत्व को रेखांकित करते हुए शैलेंद्र बिहारिया ने बच्चों और ग्रामीणों को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया। उन्होंने कविता, मैं भारत का संविधान हूं, तुमको राह दिखाता हूं... के माध्यम से संविधान की मूल भावनाओं और उसकी अनमोल विरासत को सरल शब्दों में समझाया। संविधान दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने मां शारदा सहायता समिति के प्रयासों की सराहना की। संस्था के सदस्यों ने ठंड से राहत देने के इस विशेष अभियान के साथ ही संविधान दिवस पर लोकतंत्र की रक्षा और संवैधानिक मूल्यों को बनाए रखने का संदेश दिया। शैलेंद्र बिहारिया ने अपने उद्बोधन में कहा संविधान हमारे जीवन का मार्गदर्शक है। यह हर नागरिक को उसके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी देता है। संविधान दिवस पर जरूरतमंदों की मदद करना हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों की वास्तविक अभिव्यक्ति है। इस अभियान के दौरान ग्रामीणों में उत्साह था। समाजसेवी धीरज हिरानी और मां शारदा सहायता समिति की पूरी टीम ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आप ने संविधान दिवस और स्थापना दिवस मनाया, निकाली रैली

**बैतूल, देशबन्धु।** आम आदमी पार्टी जिला बैतूल के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संविधान दिवस और पार्टी का 12वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार वाईकर के नेतृत्व में किया गया। पार्टी कार्यालय में बाबासाहेब अंबेडकर और शहीदे-आज़म भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद अंबेडकर चौक तक रैली निकाली गई। जिला अध्यक्ष शैलेश कुमार वाईकर ने कहा आज से 12 साल पहले आम आदमी पार्टी का गठन हुआ था। तब से लेकर आज तक पार्टी ने देशभक्ति, ईमानदारी और इंसानियत के साथ राजनीति में नई क्रांति की शुरुआत की है। यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व की बात है कि पार्टी की पहली महापौर यहीं से निर्वाचित हुई। जिला उपाध्यक्ष शंकर पेंदाम ने संविधान निर्माण के महत्व को बताते



हुए कहा ड्राफ्ट कमेटी के अध्यक्ष डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने 2 साल 11 महीने में भारतीय संविधान तैयार कर देश को 26 नवंबर के दिन समर्पित किया। यह संविधान देश की आत्मा है, जो सभी को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष शंकर पेंदाम, कार्यालय प्रभारी गोपाल झारबड़े, पूर्व जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष अजीज खान, जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गायकवाड़, बैतूल ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पाल, हेमंत सोनारे, पूर्व जिला संयुक्त सचिव सुरेंद्र नागले, राहुल सोनी, शमीम अहमद, मयंक गुजरे, पिंटू साबले, जोगेंद्र झरबड़े, गौतम झरबड़े और पंकज पाटिल सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे। पार्टी कार्यकर्ताओं ने संविधान की उद्देशिका का वाचन किया और इसे आम जनमानस तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# कांग्रेसियों ने मनाया संविधान दिवस

**भैंसदेही, देशबन्धु।** ब्लॉक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष रानू ठाकुर के नेतृत्व में 75 वें सँविधान दिवस पर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने संविधान सम्बंधित विचार रखे गए।



ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रानू ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लगातार संविधान पर वार कर रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य रुप से युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल छत्रपाल, वरिष्ठ नेता श्रवण सिंह ठाकुर, मोहित राठौर, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष पार्षद महेश थोटेकर, एनएसयूआई अध्यक्ष देवेश आठवेंकर, रवि वासनकर, कुशल अनेराव, प्रफुल उइके, कुलदीप कजोडे, मगबुल खान, सुभाष आठवेंकर, पवन मर्सकोले, सोनू खान, शनि सेलके, हंशु भुसकुटे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर सड़क दी सौगात

**आमला, देशबन्धु।** संविधान दिवस के अवसर पर विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के द्वारा आमला के निकटवर्ती ग्राम हसलपुर स्थित भारतरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन को आमला- बैतूल मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने के उद्देश्य से अपनी विधायक निधि से सड़क निर्माण कार्य की स्वीकृती प्रदान करी ।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र गढेकर, भाजपा नेता जितेंद्र बेले विनोद बनखेड़े के नेतृत्व में ग्राम हसलपुर के निवासियों के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्रीय विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे से भेट कर डॉ भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन के सामने से गुजरने वाली उक्त शेष सड़क निर्माण का आग्रह किया गया था । संविधान दिवस के अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर को श्रद्धांजलि के रूप में विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के द्वारा विधायक निधि से उक्त सड़क निर्माण की स्वीकृत प्रदान करने के लिए भाजपा नेता जितेंद्र बेले विनोद बनखेड़े प्रमोद हारोड़े राजेंद्र मालवीय सुरेश बर्डे समेत स्थानीय निवासियों ने क्षेत्रिय विधायक का आभार माना । गौरतलब है कि उक्त सड़क पर स्थित सामुदायिक भवन में शादी समेत विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम के चलते बड़ी संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है । इस सड़क निर्माण के साथ बोड़खी आमला से बैतूल जाने वाले वाहनों को भी सुविधाजनक मार्ग उपलब्ध होगा ।

## आंबेडकर चौक में मनाया संविधान दिवस

**बैतूल, देशबन्धु।** अंबेडकर चौक में नगर पालिका के सेवानिर्वित्त सीनियर आडीटर बंटी वासनिक के अध्यक्षता में मार्निंग वाक ग्रुप के साथियों ने हर्षोल्लास के साथ सविधान दिवस मनाया । श्री वासनिक ने बताया कि अंबेडकर चौक में बाबा साहेब की मूर्ति के समक्ष एकत्रित



होकर संविधान की मूल उद्देश्य का वाचन किया गया । इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में रिटायर्ड जज अतुलकर साहब, नोसा खान, बबलू महल, डॉ. पीआर सोनारे , एडवोकेट श्रीपाल, बाबू राव कृष्ण, राजेश गुहार, रवि ज्ञानचंदानी, उमेश मानकर, विनीत महतो, राजेश चौहान मौजूद थे। मौके पर उपस्थित अतिथियों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज हमारा संविधान सफल लोकतंत्र के 75 वर्ष पूर्ण होने पर सभी जश्न मना रहे हैं, जो की निश्चित ही हमारे लिए गर्व की बात है । सविधान दिवस पर आंबेडकर चौक पर एकत्रित प्रबुद्धजनों ने कहा कि 26 नवंबर 1949 में बाबा साहेब के अगुवाई में सविधान निर्माण कर सरकार को प्रस्तुत कर दिया था परंतु 26 नवंबर 1950 में लागू कर दिया गया था ।

## माध्यमिक शाला उमरवानी में मनाया संविधान दिवस

**बैतूल, देशबन्धु।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला उमरवानी में मंगलवार को 75 वां संविधान दिवस मनाया गया। शाला के प्रधानपाठक अशोक कुमार मानेकर ने बताया कि दिसंबर 1946 में संविधान सभा के लिए चुनकर आए 250 सदस्यों ने हिस्सा लिया था। डॉ.राजेन्द्र प्रसाद तत्कालीन राष्ट्रपति की अध्यक्षता में संविधान सभा की बैठके हुई, जिसमें बाबासाहेब आंबेडकर को प्रारूप समिति का अध्यक्ष बनाया गया। उन्होंने बताया कि 9 दिसबर 1946 को पहली एवं 25 नवम्बर 1949 को अंतिम बैठक हुई। इस प्रकार 2 वर्ष 11 माह 18 दिवस में देश का संविधान बनकर तैयार हुआ। अगले ही दिन 26 नवम्बर 1949 को इस संविधान को



अंगीकृत किया गया। संविधान में निहित 395 आर्टिकल एवं 9 अनुसुचियो एवं संसोधनों आदि के बारे विस्तार से बताया। कार्यक्रम के दौरान सभी लोगों ने संविधान प्रारूप की शपथ ली। इस मौके पर सरपंच द्वारा भी संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही जनपद पंचायत सदस्य अर्जुन धुर्वे ने भी संविधान में निहित अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद पंचायत सदस्य अर्जुन धुर्वे, सरपंच सोनू उईके, शाला विकास समिति अध्यक्ष संतोष मर्सकोले, शाला के समस्त शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया

**अमला, देशबन्धु।** संविधान दिवस के अवसर पर पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय वायु सेना स्थल अमला में विद्यालय के प्राचार्य मदनमोहन कटियार, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया एवं प्रतिज्ञा ली। इसी दौरान 1059 विद्यार्थी, 47 शिक्षक एवं 8 अविभावक उपस्थित रहे। सुश्री आरती निरंजन ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों पर अपने विचार व्यक्त किये एवं विनायक तिवारी द्वारा नागरिकों के कर्तव्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य ने संविधान की उद्देशिका एवं संविधान के



महत्व पर प्रकाश डाला एवं संविधान के मौलिक कर्त्तव्य एवं अधिकारो के बारे में बताया। विद्यार्थियों के मध्य संविधान के मौलिक कर्तव्य एवं अधिकारों के संबंध में निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई एवं विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों ने संविधान के महत्व को गहराई से समझा और संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी को महसूस किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तबस्सुम खान के द्वारा किया गया।

## भारतीय संविधान सबका भविष्य: बोरसे

**बैतूल, देशबन्धु।** फुले शाहू अंबेडकर वरिष्ठ नागरिक संगठन बैतूल एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला ईकाई बैतूल के संयुक्त तत्वावधान में 75 वा संविधान दिवस समारोह डॉ अम्बेडकर चौक पर आयोजित किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि सुनील बोरसे ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात



तथागत गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब अम्बेडकर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किया गया तथा संविधान की उद्देशिका का वाचन किया गया।

मुख्य अतिथि बोरसे ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ बाबा साहब अम्बेडकर ने सभी वंचित उपेक्षित पिछड़े लोगों को भारतीय संविधान के माध्यम से बराबरी का अधिकार दिया है। इसे बचाए रखना हम सबका दायित्व है क्योंकि यह संविधान ही सभी भारतवासियों का भविष्य है। इस अवसर पर फुले शाहु अंबेडकर वरिष्ठ नागरिक संगठन के अध्यक्ष एएल चौकिकर एवं भारतीय बौद्ध महासभा जिला ईकाई बैतूल के जिलाध्यक्ष अधिवक्ता नामदेव नागले, विशेष अतिथि निलकंठ यावलकर, बामसेफ प्रदेश अध्यक्ष महेश चौरे, सामाजिक कार्यकर्ता देवेश्वरी मरकाम, शंकर राव शेषकर, एडवोकेट अभिषेक मेहरा, जसवंती चौकीकर, कृष्णा दवंडे द्वारा उद्बोधन प्रस्तुत किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भरी हुंकार

## न्यूनतम वेतन और नियमितीकरण की मांग के समर्थन में किया प्रदर्शन

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका एकता यूनियन के बैनर तले मंगलवार को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने उद्योग विभाग के पास विशाल धरना प्रदर्शन किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों को लेकर रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस आंदोलन का नेतृत्व यूनियन के वरिष्ठ नेता कामरेड कुंदन राजपाल, श्रवण चिकाने, पंकज साहू, पी.टी. सातनकर और श्री निवास सोनी ने किया। प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष सुनीता राजपाल, कार्यकारी अध्यक्ष सविता आर्य, महासचिव पुष्पा वाईकर, कोषाध्यक्ष संगीता कनाठे, सहायक महासचिव रेखा काले और उपाध्यक्ष योगिता शिवहरे समेत अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहीं। ज्ञापन में मांग की गई कि आंगनबाड़ी कर्मियों को नियमित कर्मचारी का दर्जा दिया जाए और न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये प्रति माह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा अप्रैल 2022 में दिए गए निर्णय के अनुसार, ग्रेच्युटी का भुगतान तुरंत शुरू किया जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि आईसीडीएस (समेकित बाल विकास योजना) का किसी भी स्तर पर निजीकरण न किया जाए और इसके बजट आवंटन में वृद्धि की जाए। ईसीसीई शिक्षा को मजबूत करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों में केजी-1 और केजी-2 स्तर की शिक्षा प्रदान की जाए।



**सरकार को दी चुनौती**- रैली में शामिल आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सरकार को चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कर्मियों को समाज में वह सम्मान और अधिकार मिलना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। ज्ञापन में चार काली श्रम संहिताओं को वापस लेने और श्रमिक वर्ग को सामाजिक सुरक्षा लाभ देने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।

### सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कुंदन राजपाल ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि आंगनवाड़ी कर्मियों, आशा-उषा कार्यकर्ताओं और अन्य श्रमिक वर्ग के अधिकारों की लगातार अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि 2018 में केंद्र सरकार द्वारा घोषित मानदेय वृद्धि आज तक लागू नहीं की गई है।

सुनीता राजपाल ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने महिलाओं का आर्थिक शोषण किया है। महंगाई के इस दौर में मानदेय के नाम पर दी जाने वाली मामूली राशि से परिवार चलाना बेहद कठिन हो गया है। उन्होंने कहा कि जो सांसद, विधायक और मंत्री अपने वेतन में वृद्धि कर सकते हैं, वे नन्हे बच्चों के भविष्य संवारने वाले कार्यकर्ताओं को उनके अधिकार देने में असफल रहे हैं।

### संघर्ष के बिना कुछ नहीं मिलता

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सुनीता राजपाल ने कहा कि बिना संघर्ष के कुछ भी हासिल नहीं होता। उन्होंने कहा कि देश को आजादी भी कठिन संघर्ष के बाद मिली थी। इसीलिए, हमें अपने अधिकारों के लिए लगातार लड़ाई लड़नी होगी।

## सक्षम माता ही सक्षम राष्ट्र की नींव रखेगी: श्रुति

### युवतियों को उनकी राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर किया जागरूक

**बैतूल, देशबन्धु।** विश्वमांगल्यसभा ने जयवंती हक्सर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और विवेकानंद महाविद्यालय में छात्राओं के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में युवतियों को उनकी राष्ट्र निर्माण में भूमिका विषय पर जागरूक किया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व विश्वमांगल्य छात्र सभा की अखिल भारतीय संगठन मंत्री सुश्री श्रुति देशपांडे और मध्य प्रदेश छात्र सभा की कोषाध्यक्ष श्रीमती विजय धोटे नागपुर ने किया। उन्होंने छात्राओं से कहा कि हर युवती अपने मातृत्व भाव से अपने परिवार और पूरे समाज और राष्ट्र के उज्जवल भविष्य का आधार बनती है। उन्होंने यह भी बताया कि सक्षम मातृत्व ही एक सदाचारी समाज और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। इस संवाद में छात्राओं और प्राध्यापकों ने राष्ट्र निर्माण में मूल्य आधारित, तत्वनिष्ठ और सक्षम मातृत्व की आवश्यकता पर जोर दिया। दोनों महाविद्यालयों में युवतियों ने इस विचार को गहराई से समझा और अपने जीवन में इसे अपनाने का संकल्प लिया।

सुश्री श्रुति देशपांडे ने युवतियों को संबोधित करते हुए कहा, आज की युवती ही कल की माता बनेगी, और एक सक्षम माता ही एक सक्षम राष्ट्र की नींव रखेगी। उन्होंने विश्वमांगल्यसभा के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विश्वमांगल्यसभा नैतिक मूल्यों, शक्ति, धार्मिकता और सेवा के सिद्धांतों पर आधारित एक वैश्विक मातृ संगठन है। यह संगठन सभी आयु वर्ग के लिए सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक पोषण प्रदान करने का कार्य करता है। श्रीमती



विजय धोटे नागपुर ने कहा कि युवतियों को अपने मातृत्व की शक्ति को पहचानना होगा और इसे समाज और राष्ट्र के कल्याण में लगाना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि संगठन युवतियों को उनके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने के लिए नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की कई छात्राओं और प्राध्यापकों ने हिस्सा लिया। सभी ने राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया और इस पहल की सराहना की। महाविद्यालय के प्राचार्य और शिक्षकों ने भी विश्वमांगल्यसभा के इस सार्थक प्रयास के प्रति आभार व्यक्त किया।

### लंदन में उद्योगपतियों को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित, प्रदेश की खूबियां बताईं

# देश में सबसे बड़े लैंड बैंक में से एक है मध्यप्रदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** दुनिया भर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए फरवरी-2025 को भोपाल में हो रही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आमंत्रित करने के अभियान पर निकले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को यूके (लंदन) के रोड-शो में उद्योगपतियों के इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित किया। डॉ. यादव ने देश भर में औद्योगिक विकास में आई तेजी के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के डायनामिक व्यक्तित्व की सराहना की। उन्होंने आमंत्रित उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए बताया कि प्रदेश का लैंड बैंक देश के सबसे बड़े लैंड बैंक्स में से एक है। मध्यप्रदेश में निवेश नीतियां स्पष्ट और निवेशकों के लिए अनुकूल हैं। माइनिंग एवं कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश में सबसे आगे है।

यूके की राजधानी लंदन में उद्योगपतियों के साथ इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपदाओं के बाद भी भारत और यूके के संबंधों में निरंतरता है क्योंकि लोकतंत्र की हमारी साझी विरासत है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भारत में राजनीतिक स्थिरता और तेज विकास के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के चमत्कारी व्यक्तित्व को आधार बताया। मुख्यमंत्री ने याद दिलाया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कोविड की आपदा को कम समय में निपटने की चुनौती में सक्षम भारत प्रमाणित करने का अवसर बना दिया था। उनके नेतृत्व ने न सिर्फ देश को बचाया था, बल्कि पूरी दुनिया को बचाने में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया और विश्व में भारत की साख बनाई। उनकी साफगोई और दृढ़ संकल्प ने देश में औद्योगिक निवेश के लिए माहौल विकसित किया।

यूके रोड शो में इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश विषय पर हुए इन्टरैक्टिव सेशन में उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विदेश में निकलने से पहले हमने राज्य की स्थितियों को सुधारा और देश भर के उद्योगपतियों को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित करने का अभियान चलाया। परिणामस्वरूप प्रदेश में हजारों करोड़ का निवेश संभव हुआ।

### ह्रदय प्रदेश में हैं औद्योगिक निवेश की अपार संभावनाएं : दोराईस्वामी

भारत के उच्चायुक्त विक्रम के दोराईस्वामी ने मध्यप्रदेश को औद्योगिक निवेश के अवसरों के लिए आदर्श बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए कहा उनके कार्यकाल में भारत व्यापार करने के लिए सबसे बेहतर स्थलों में से एक सिद्ध हुआ है। अब सिर्फ केंद्रीय प्रशासन ही नहीं राज्य भी उद्योग मित्र नीतियां बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश ईज-ऑफ-डूइंग बिजिनेस की दृष्टि से देश के टॉप-5 राज्यों में शामिल है। श्री दोराईस्वामी ने कहा कि भूमि की उपलब्धता, सबसे अधिक कृषि विकास दर और उद्योग प्रेरक नीतियों को देखते हुए मध्यप्रदेश औद्योगिक निवेश की सफलता के लिए उम्मीदों से भरपूर है। श्री दोराईस्वामी ने कहा कि मध्यप्रदेश सचमुच देश का ह्रदय है और यहां निवेश करने पर देश ही नहीं निवेशक दुनिया भर में आसानी से व्यापार का प्रसार कर सकता है।

### उद्योग स्थापित करने में मददगार सरकार : बसु

यूके की क्लीनी सप्लाइज लिमिटेड के सीएफओ सामिक बसु में मध्यप्रदेश में निवेश के अनुभवों के बारे में बताया कि भारत में बंगलौर के बाद उद्योग विस्तार की संभावनाओं के लिए हमने इन्वेस्ट इंडिया की मदद से कई विकल्पों पर विचार किया। लगभग 18 माह पूर्व कंपनी ने उज्जैन-देवास रोड पर स्थित विक्रम उद्योगपुरी को अपने पसंदीदा स्थान के बारे में चुना और यहां मेडिकल उपकरणों के लिए फैक्ट्री स्थापित की। मध्यप्रदेश में राज्य सरकार एवं एमपीआईडीसी ने हरसंभव सहयोग प्रदान किया। उन्होंने बताया कि फैक्ट्री के पास 5 एकड़ भूमि है, जिसकी आवंटन की संपूर्ण प्रक्रिया 8 सप्ताह के भीतर पूरी हो गई और ग्रीन एनर्जी के कनेक्शन से लेकर सप्लाई तक की प्रक्रिया 3 सप्ताह के समय में पूरी हो गई। उन्होंने कहा कि भारत में निवेश करने के लिये मध्यप्रदेश सबसे बेहतरीन स्थान है। प्रबंध संचालक, एमपीआईडीसी के चन्द्रमौली शुक्ला ने सेशन में मौजूद सभी भारतवंशियों का आभार माना।

### स्टार्टअप नीति से कई सुविधाएं : दुबे

अपर मुख्य सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संजय दुबे ने आईटी/आईटीएस एवं ईएसडीएम सेक्टर में निवेश की संभावनाओं पर प्रेजेन्टेशन देकर बताया कि मध्यप्रदेश में वायब्रेन्ट टेक इको सिस्टम राज्य सरकार आईटी में निवेश के लिये सहायता प्रदान करती है। मध्यप्रदेश की आईटी/आईटीएस एवं ईएसडीएम नीति-2023 एवं स्टार्टअप नीति से इन क्षेत्रों में उद्यमियों को कई सुविधाएँ दी जा रही हैं। नीति के अंतर्गत उद्यमियों को पूँजीगत व्यय सहायता एवं गैर वित्तीय लाभ प्रदान किया जाता है।

### भौगोलिक, आर्थिक, प्राकृतिक और अन्य आधारभूत सुविधाओं से समृद्ध प्रदेश : सिंह

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्द्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश अपनी भौगोलिक, प्राकृतिक और आर्थिक क्षमताओं के चलते निवेश के लिए एक आदर्श स्थल है। प्रदेश में भारत का सबसे बड़ा भूभाग (308 हजार वर्ग किमी), 77.5 हजार वर्ग किमी का विशाल वन क्षेत्र और हीरे, तांबे तथा मैंगनीज अयस्क जैसे खनिज संसाधनों की प्रचुरता है। साथ ही यह देश का दूसरा सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक और सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक प्रदेश है। प्रदेश पॉवर सरप्लस राज्य है, यहां 31 गीगावाट विद्युत उत्पादन होता है। यहां किफायती दरों पर बिजली आपूर्ति की जाती है। प्रदेश में इन सब आधारभूत सुविधाओं से उद्योग को आसानी से स्थापित और संचालित किया जा सकता है।

---

### संविधान प्रस्तावना के सामूहिक वाचन कार्यक्रम में शामिल हुए राज्यपाल, किया आव्हान

# संवैधानिक नैतिकता के साथ कार्यों का पालन करें



**भोपाल, देशबन्धु।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने संविधान के अंगीकरण के 75 साल पूरे होने के अवसर पर प्रदेशवासियों का आवाहन किया है कि संविधान दिवस पर अपने सभी कार्यों में संवैधानिक नैतिकता के पालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सत्यनिष्ठा के साथ दोहराएं। संकल्प करे कि नागरिक अपने आचरण और व्यवहार से संविधान से प्राप्त अधिकारों और सौंपे गए कर्तव्यों के पालन के लिए जन जागरूकता को बढ़ाने में सक्रिय योगदान देंगे।

राज्यपाल श्री पटेल राज्य शासन द्वारा आयोजित संविधान प्रस्तावना के सामूहिक वाचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में राजनेताओं, अधिकारियों और नागरिकों को हंस ध्वनि सभागार, रवीन्द्र भवन में संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल श्री पटेल ने कार्यक्रम में सहभागी जनों को संविधान प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा निर्मित वृत्त चित्र ग्लोरी ऑफ कंस्टीटूशन और प्रदेश के संसदीय कार्य विभाग द्वारा तैयार की गई लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि संविधान हम भारतीयों के लिए प्रेरणादायक जीवंत दस्तावेज और स्वतंत्र भारत का आधुनिक धर्मग्रंथ है, जो हम सबका मार्गदर्शक है। संविधान को देश के हर नागरिक ने अंगीकृत किया है, इसलिए संविधान के वास्तविक संरक्षक, हम भारत के लोग ही है। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक का नहीं, बल्कि सभी का संरक्षक है। इसलिए उसके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। संविधान, जहॉ एक ओर नागरिकों को सशक्त करता है, वही दूसरी ओर नागरिक भी अपने आचरण, व्यवहार से संविधान का समर्थन और संरक्षण करते है। इसलिए जरूरी है कि देश का प्रत्येक नागरिक समर्पित भाव से संविधान के उद्देश्यों, महत्व को समझे और समुचित पालन के द्वारा संविधान के प्रति अपने सम्मान का प्रदर्शन करे।

राज्यपाल श्री पटेल सहित अतिथियों ने दीप प्रज्विलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ भेंट कर किया गया। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण विभाग की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी और अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन के.सी. गुप्ता मंचासीन थे।

### संविधान, हमारे देश की आत्मा का प्रतिबिम्ब है : देवड़ा

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा कि हमारा संविधान कानूनों का संग्रह नहीं, हमारे देश की आत्मा का प्रतिबिम्ब है। हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि संविधान ने हमें स्वाधीन जीवन जीने का अधिकार देने के साथ ही स्वतंत्रता की सीमा भी बताई है। श्री देवड़ा कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारे पास ऐसा संविधान है जो सभी को समानता, स्वतंत्रता और न्याय उपलब्ध कराता है।

### 26 नवम्बर संविधान को अंगीकृत करने का स्वर्णिम दिन है : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि भारतीय इतिहास में संविधान को अंगीकृत करने का स्वर्णिम दिवस 26 नवंबर का दिन है। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान निर्माताओं के लगभग 3 वर्षों की कड़ी मेहनत से तैयार संविधान युगीन भावनाओं को प्रतिबिम्बित करने वाला सुदृढ़ जीवंत दस्तावेज है। हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है।

### संविधान की प्रतिकृति को नमन कर शुरू हुई संविधान दिवस पदयात्रा, मंत्री सारंग ने कहा-

# देश का संविधान ही धर्मग्रन्थ है

**भोपाल, देशबन्धु।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि हमारे देश का संविधान ही धर्मग्रन्थ है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का साधुवाद करते हुए कहा कि सम्पूर्ण देश में आज संविधान दिवस पर पद यात्रा का आयोजन कर हम सबको प्रेरणा दी है कि लोकतंत्र में आज हम आजाद हिन्दुस्तानी के नाते जी रहे है। मंत्री श्री सारंग शौर्य स्मारक में संविधान दिवस पद यात्रा के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री श्री सारंग ने बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने को कहा। उन्होंने युवाओं से आहवान किया कि भारत माता के लिये पूरी सिद्दत के साथ उन्हीं के लिये जीएंगे और जरूरत पड़ने पर तैयार रहेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का रिकार्डेड संदेश भी सुनवाया गया। साथ ही संविधान की प्रस्तावना का वाचन और राष्ट्रगान भी हुआ। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, विधायक रामेश्वर शर्मा और भगवानदास सबनानी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण मनु श्रीवास्तव, खेल संचालक रवि कुमार गुप्ता, संयुक्त संचालक बीएल यादव शामिल हुए।



### यह रहे आकर्षण का केन्द्र

देश के संविधान की प्रतिकृति वाहन में पद यात्रा के दौरान साथ रहीं। पुलिस बैंड की धुन पर पदयात्रा अग्रसर होती रही। पारम्परिक वेशभूषा में संस्कृति की झलक दिखलाते हुए स्कूली बच्चें भी पद यात्रा में शामिल हुए। इस भव्य आयोजन में खिलाड़ी कपिल परमार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह, आर्शी चौकसे, साक्षी भारद्वाज, पर्वतारोही भगवान सिंह, ज्योति रात्रे भी शामिल हुई।

## संविधान निर्माण में प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान : सिंह



**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा के प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कहा कि संविधान निर्माण में प्रदेश का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रारूप समिति के अध्यक्ष मध्यप्रदेश में जन्मे भारत के प्रथम विधि मंत्री, डॉ. भीमराव अम्बेडकर थे। जबकि संविधान सभा में हमारे यहां से पं. रविशंकर शुक्ल, रतनलाल मालवीय, विनायक सरवटे, डॉ. हरिसिंह गौर, शंभूनाथ शुक्ल, डॉ. लाल सिंह, रामसहाय तिवारी, सीताराम जाजू, सेठ गोविंद दास जैसे दिग्गज राजनेता इसके सदस्य थे। प्रमुख सचिव, विधान सभा द्वारा संविधान के संबंध में तथ्य परक जानकारी देते हुए सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया गया। श्री सिंह ने उल्लेख किया कि देश में संविधान को अंगीकार किए जाने के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 'हमारा संविधान हमारा अभिमान' के तहत आज राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाया गया। इसके दर्शन एवं संकल्प इसकी उद्देशिका में समाहित है। इसके साथ ही प्रमुख सचिव द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका का सामूहिक वाचन कराया गया। कार्यक्रम राष्ट्रगान के बाद समाप्त हुआ।

---

### भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन, जामवाल बोले-

# कांग्रेस ने संविधान को किताब माना, भाजपा ने ग्रंथ मानकर किया सम्मान



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा संविधान को किताब माना परंतु भाजपा ने ग्रंथ मानकर सम्मान किया है। कांग्रेस ने 90 बार संविधान का दुरुपयोग कर लोकतंत्र की हत्या की है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने संविधान में जो गलतियां की थीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धीरे-धीरे उन्हें सुधार रहे हैं और संविधान को देश के अनुकूल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। धारा-370 और 35 ए इस देश के अनुकूल नहीं थी, मोदी जी ने संवैधानिक तरीके से उन्हें हटा दिया।

श्री जामवाल आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। श्री जामवाल ने कहा कि संविधान में अब तक 106 बार संशोधन हुए हैं, लेकिन इनमें से अधिकांश कांग्रेस की सरकारों ने किए हैं। 90 बार कांग्रेस की सरकारों ने धारा 356 का दुरुपयोग कर चुनी हुई सरकारों को गिराया और लोकतंत्र की हत्या की। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की सिर्फ बातें होती थीं, लेकिन मोदी जी ने नारीशक्ति वंदन अधिनियम में 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करके उसे साकार कर दिया। हमारा देश संविधान के मार्गदर्शन में निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि 2047 में जब हमारी आजादी को सौ साल पूरे होंगे, तब तक भारत एक विकसित देश बने। इसके लिए आज संविधान दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता इसके लिए काम करने का संकल्प लें और संवैधानिक अधिकार ही नहीं कर्तव्यों को भी आत्मसात करें। पार्टी कार्यकर्ता संविधान की मूल भावना को समझें और उसे समाज के प्रत्येक वर्ग तक प्रसारित करें। संगोष्ठी को भाजपा नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा और पार्टी के प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं विधायक भगवानदास सबनानी ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल ने किया। इस दौरान मंच पर पूर्व प्रदेश संगठन महामंत्री माखन सिंह चौहान, प्रदेश उपाध्यक्ष कांतदेव सिंह एवं श्रीमती सीमा सिंह जादौन उपस्थित रहीं।

### खाद संकट पर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, पटवारी बोले-

# 50 फीसदी खाद भी उपलब्ध नहीं करवा पाई सरकार



**भोपाल, देशबन्धु।** एक तरफ जहां किसानों को उनकी उपज का पर्याप्त समर्थन मूल्य दिया जा रहा है, न ही उन्हें समय पर खाद्य उपलब्ध करवाया जा रहा है। ऐसे में किसानों की खेती की लागत बढ़ती जा रही है, हालत यह हो गई है कि किसान की लागत तक नहीं निकल पा रही है। यह आरोप आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने लगाए हैं। श्री पटवारी आज पत्रकार वार्ता में मीडिया से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान खाद संकट से जूझ रहे हैं, बोनी का समय निकला जा रहा है और सरकार किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध करवाने में नाकाम है।

कहा कि प्रदेश के किसान कई दिनों तक खाद लेने के लिए कतारों में खड़े हैं और पुलिस की लाठियां खा रहे हैं। श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश और देश में डीएपी खाद का गहरा संकट है। प्रदेश में रबी सीजन में भारत सरकार द्वारा 8 लाख मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराने की सहमति प्रदान की थी। मगर दुर्भाग्यपूर्ण है कि 20 नवंबर 2024 तक मात्र 4.57 लाख मेट्रिक टन डीएपी उपलब्ध कराई गई और अब तक प्रदेश में मात्र 2.91 लाख मेट्रिक टन डीएपी का विक्रय किया गया। डीएपी और काम्पलेक्स खाद सिर्फ बोवनी के समय ही उपयुक्त माना जाता है। अभी अक्टूबर-नवम्बर माह बोवनी का चरम समय होता है, मगर भारत सरकार द्वारा डीएपी उपलब्ध कराये जाने के आश्वासन का आधा खाद भी उपलब्ध नहीं है।

दुर्भाग्यपूर्ण बात है कि जहां प्रदेश में यूरिया की आवश्यकता 20 लाख मेट्रिक टन की है। वहां उपलब्धता 12.70 लाख मेट्रिक टन मात्र की है और 20 नवंबर 2024 तक इसका विक्रय 7.69 लाख मेट्रिक टन मात्र किया गया है। यूरिया को रबी सीजन में कम से कम 3 बार प्रयुक्त किया जाता है। एक बोवनी के वक्त, दूसरे और तीसरी बार बोवनी के बाद। अर्थात नीचे दिये गये चार्ट से यह स्पष्ट है कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों ने खेती को और किसानों की आमदनी को गहरे संकट में डाल दिया है।

उन्होंने सोयाबीन उत्पादक किसानों के साथ सौतेला व्यवहार करने का आरोप भी सरकार पर लगाया।



*भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री अश्विनी बैष्णव से सौजन्य भेंट कर महाराष्ट्र में पार्टी की प्रचंड जीत पर बधाई दी।*

### भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह आज आएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह बुधवार 27 और गुरुवार 28 नवंबर को भोपाल प्रवास पर रहेंगे। डॉ. सिंह 27 नवंबर को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल होंगे। प्रदेश प्रभारी डॉ. सिंह गुरुवार को पार्टी के स्थानीय कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

### संगठन पर्व : भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यशाला आज

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा संगठन पर्व को लेकर पार्टी के प्रदेश कार्यालय में बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने बताया कि कार्यशाला को पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री सरोज पाण्डे, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद संबोधित करेंगे। कार्यशाला में प्रदेश कोर कमेटी, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसद, विधायक, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी, महापौर/नेता प्रतिपक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष व महामंत्री, प्रदेश निर्वाचन टोली, प्रदेश सक्रिय सदस्यता टोली, जिला निर्वाचन टोली, बूथ प्रबंधन जिला प्रभारी उपस्थित रहेंगे।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मतपत्रों की वापसी से....** श्री मोदी के नेतृत्व में इसी संविधान को कमजोर करने का काम किया जा रहा है। देश को एक बनाने और मजबूत बनाने के लिए संविधान बनाया गया है और सदियों से कमजोर रही महिलाओं को अधिकार देकर उनको मजबूत बनाया गया है।

**भारत की हजारों साल....** किया तो उन्होंने कहा कि इस देश में जो भी दलितों और पिछड़ों की बात करता है, उसका माइक इसी तरह से बंद हो जाता है। राहुल ने कहा कि चाहे कितने भी माइक बंद कर लो, लेकिन मुझे कोई भी बोलने से नहीं रोक सकता।

**मध्यप्रदेश ने विकास के सभी....** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का भी स्मरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के विकास क्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष-2003 तक मध्यप्रदेश में केवल 5 मेडिकल कॉलेज थे, लेकिन वर्तमान में प्रदेश में कुल 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं। सभी 55 जिलों में एक्सीलेंस कॉलेज संचालित हैं। खनन, टूरिज्म के क्षेत्र में भी अनेक संभावनाएं हैं। गारमेंट्स क्षेत्र में प्रति श्रमिक 5 हजार रुपये प्रति माह की दर से इंसेंटिव है, इसी प्रकार आईटी सहित अन्य क्षेत्रों में भी सुविधाएं प्रदान करने और प्रोत्साहन की व्यवस्था है।

**प्रदेश निवेशकों के स्वागत....** हुए कहा कि मैं आप सभी को निमंत्रण दे रहा हूं-आइये मध्यप्रदेश में निवेश कीजिए-विकास के मामले में मध्यप्रदेश ने विकास के सारे दरवाजे खोल दिए हैं।

**भारत दुनिया में सबसे....** में मध्यप्रदेश के लोगों को संगठित करने के उद्देश्य से ही फ्रेंडस ऑफ एमपी का गठन किया। श्री तिवारी ने भोपाल, जबलपुर, कान्हा-किसली सहित प्रदेश के प्राकृतिक सौंदर्यी से परिपूर्ण पर्यटन स्थलों की प्रशंसा की।

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमिटेड फौजदार गैरेज पवारखेड़ा इटारसी रोड नर्मदापुरम से मुद्रित एवं 45, वार्ड नं. 6, कसेरा मुहल्ला नर्मदापुरम म.प्र. से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** फोन 422297। ई-मेल deshbandhuhbd1@gmail.com समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।